**अनमोल वचन**
आजकल हाथ जोड़ना ही नहीं बड़ो से बात करते समय मोबाइल ना चलाना भी बहुत बड़ा सम्मान है।

RNI NO. BHHIN/25/A5267

# सुपौल दस्तक मासिक अखबार

मासिक हिन्दी

website: https://www.supauldastaknews.com

ईमेलः rajeshkumarranjan4056@gmail.com

वर्षः- 1 | अंकः- 3 | सुपौल, माह मार्च, 2026 (प्रत्येक माह की 15 तारीख को जारी) | पृष्ठः 8 | मूल्यः 5/- रू.




# नीतीश कुमार द्वारा सुपौल जिले में की गयी "समृद्धि यात्रा" के संबंध में जानकारी दी गयी

जिलाधिकारी, सुपौल तथा पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा कार्यालय वेश्म में संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग कर मीडिया प्रतिनिधियों को माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार द्वारा सुपौल जिले में की गयी "समृद्धि यात्रा" के संबंध में जानकारी दी गयी, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है–

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा वर्ष 2025 के प्रगति यात्रा' के दौरान निर्मली प्रखंड अन्तर्गत निर्मली रिंग बांध की मरम्मति एवं सुदृढ्किरण कार्य की घोषणा, जो वर्तमान में पूर्ण हो चुका है, का उद्घाटन तथा स्थल निरीक्षण किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनुमंडल निर्मली कार्यालय के सामने मैदान में निर्मित विभिन्न विभागीय स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया है तथा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को लाभ से भी आच्छादित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सुपौल जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 84 योजनाओं, कुल राशि मो0 435 करोड़ का शिलान्यास तथा कुल 129 योजनाओं, कुल राशि मो० 135 करोड़ का उद्घाटन किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निर्मली अनुमंडल में विभिन्न विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी, जिसमें जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है– 1. जिलधिकारी, सुपौल द्वारा माननीय मुख्यमंत्री बिहार के प्रगति यात्रा 2025 से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई जो निम्न प्रकार हैः– > छातापुर एवं त्रिवेणीगंज प्रखंड में सुरसर नदी चेनलाईजेशन एवं क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मती का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। > निबंधन कार्यालय, वीरपुर के नई भवन के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। सुपौल स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्गीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। > बाबा तिल्हेश्वर नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्गीकरण तथा तिल्हेश्वरनाथ मंदिर से सुखपुर बाजार तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। त्रिवेणीगंज बाजार के बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–327 ई0 के परसरमा–अररिया परियोजना में समायोजित किया गया है। अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। पिपरा बाजार के बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–327 ई0 के परसरमा अररिया परियोजना में समायोजित किया गया है। अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। सुपौल में नये बस स्टैंड का निर्माण हेतु अवार्ड तैयार किया जा रहा है। एक सप्ताह में विभाग स्तर से निविदा हो जायेगा।

> सुपौल जिले में वीरपुर अनुमंडल अन्तर्गत वीरपुर हवाई अड्डा के निर्माण कार्य हेतु भू–अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है। शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। 2. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा दाखिल खारिज के लंबित / निष्पादित वादों के संबंध में जानकारी दी गई कि सुपौल जिलान्तर्गत कुल दायर वाद 25849 के विरूद्ध 21169 वादों का निष्पादन कर लिया गया है। शेष वादों के निष्पादन की कार्रवाई की जा रही है साथ ही परिमार्जन प्लस के तहत कुल




लंबित वाद 510585 के विरूद्ध 38658 वादों का निष्पादन कर लिया गया है। शेष लंबित वादों के निष्पादन की कार्रवाई की जा रही है। 3. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई कि उच्च शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन योजना के तहत मुख्यमंत्री बालिका (इंटरमीडिएट) प्रोत्साहन योजना में कुल लक्ष्य 8514 के विरूद्ध 7704 बालिकाओं को लाभान्वित करते हुए कुल 19.26 करोड़ राशि वितरित किया गया है तथा मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना में कुल लक्ष्य 18374 के विरूद्ध 16071 बालिकाओं को लाभान्वित करते हुए कुल 80.35 करोड़ राशि वितरित किया गया है। शेष के लिए कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई कि प्रत्येक प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाने हेतु 06 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की पढ़ाई हेतु संबंधित प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भवन एवं भूमि का चयन कर लिया गया है। अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। 4. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई कि हर खेत तक सिंचाई का पानी के तहत मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना में कुल लक्ष्य 11471 के विरूद्ध ऊर्जा विभाग द्वारा अब तक 10217 उपलब्धि प्राप्त कर लिया गया है। लक्ष्य के विरूद्ध अवशेष विद्युत संबंध की उपलब्धि माह मार्च 2026 के अंत तक पूर्ण करा लिया जायेगा। 5. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत 2392 वार्डो के विरूद्ध 2228 वार्डों में 24020 सोलर स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन करवाया जा चुका है, शेष वार्डो में मार्च 2026 तक सोलर स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। 6. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं में विभागीय लक्ष्य 988 के विरूद्ध 942 लाभार्थियों का चयन करते हुए 924 लाभार्थियों को प्रथम किश्त, 720 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त तथा 379 लाभार्थियों को तृतीय किश्त की सहायता राशि प्रदान करते हुए कुल 62.095 करोड़ की राशि वितरित की गई है। 7. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत कुल 518648 लाभुकों को प्राथमिक निवेश निधि (दस हजार रू०) दी गई है तथा इस योजना के तहत शेष 17905 आवेदकों को माह मार्च 2026 तक भुगतान की कार्रवाई की जायेगी। मुख्य सचिव के द्वारा निदेश दिया गया कि छूटे हुए आवेदकों का सर्वेक्षण कराकर योग्य आवेदकों को उक्त योजना से लाभान्वित की जाय। 8. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई सुपौल में वीरपुर स्थित वर्तमान हवाई अड्डे पर छोटे विमानों के संचालन हेतु पूर्व से उपलब्ध भूमि पर चहारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा चुका है तथा पूर्व से उपलब्ध 1080 मीटर हवाई अड्डा के रनवे को 3040 मीटर किया जाना है। साथ ही उक्त हवाई अड्डा हेतु 88.83 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अर्जन हेतु अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। 9. जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई राशन कार्ड में सन्निहित कुल व्यक्तियों की संख्या 2064851 के विरूद्ध 2064851 व्यक्तियों को लाभान्वित करते हुए विगत माह तक कुल 200811 नये राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदन के विरूद्ध 159134 राशन कार्ड निर्गत किया गया है। शेष राशन कार्ड निर्गत करने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य सचिव के द्वारा उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अपेक्षित प्रगति लाने का निदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा विधि व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई कि वर्ष 2024 की तुलना में मुख्य अपराध शीर्षो यथा हत्या, डकैती, लूट, गृहभेदन, चोरी, दंगा, बलात्कार, दहेज मृत्यु आदि में कमी आई है। साथ ही जिलान्तर्गत सभी थानों को उक्त अपराध शीर्षो में निरंतर कमी लाने हेतु निदेशित किया जाता रहा है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक, बिहार द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

## एक नजर

### पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी सप्लाई पर केंद्र का आश्वासन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं के मद्देनजर देश में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर किया। सरकार ने स्वीकार किया कि विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना चिंता का विषय बना हुआ है; सरकार ने जोर देकर कहा कि भारत में इस स्थिति को लेकर चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू घरों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अविश्वास, इतिहास में पहली बार हटाने का प्रस्ताव संसद में पेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में नोटिस जमा कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने की मांग की है। सूत्रों के हवाले से मिली रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा में 130 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहली बार है कि किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को संसदीय प्रक्रिया के माध्यम से हटाने का अनुरोध किया जा रहा है। सांसदों ने एसआईआर प्रक्रिया के संचालन में गंभीर खामियों का आरोप लगाया, जिससे उनके अनुसार चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता से समझौता हुआ है। सूत्रों ने कहा, हस्ताक्षरकताओं में 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्य शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने भी हस्ताक्षर किए हैं। आम आदमी पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, हालांकि उसने इस कदम का समर्थन किया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ निर्दलीय सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नियमों के मुताबिक, लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला नोटिस और राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर नोटिस देना होता है।

### 'अडानी-एपस्टीन फाइलों पर अमेरिका कर रहा ब्लैकमेल'

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** लखनऊ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी आज बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम की जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाषण देने से पहले मैं सोच रहा था कि अंबेडकर जी शिक्षा के बारे में क्या कहते थे। वे संगठन के महत्व पर जोर देते थे। और जब कांशीराम जी रात में उत्तर प्रदेश का दौरा करते थे, तो वे अपने साथ कलम रखते थे। वे यह भी कहते थे कि कलम इस तरह से बनाई जानी चाहिए कि समाज के 15 प्रतिशत लोगों को तो लाभ मिले ही, साथ ही 85 प्रतिशत लोगों को भी लाभ मिलना चाहिए; उन्हें भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। लेकिन अब क्या हो गया है?

### एलपीजी संकट पर विपक्ष का हल्लाबोल, सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला सप्ताह आज खत्म हो गया। संसद के दोनों सदनों को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। शुक्रवार को, सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाले नोटिस सौंपे और विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। विपक्षी पार्टियों ने शुक्रवार को केंद्र से देश के कई हिस्सों में एलपीजी सिलेंडर की कथित कमी को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की, वहीं सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं ने इस मुद्दे पर विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

# पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला

## झूठे वादों की है दुकान, समुदायों के बीच पैदा किया विभाजन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चुनाव वाले असम में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर विभिन्न समुदायों में फूट डालने का आरोप लगाया और उसे झूठे वादों की दुकान करार दिया। गुवाहाटी से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोकराझार में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बोडोलैंड की कई पीढ़ियों को झूठे सपनों में उलझाए रखा।




मोदी ने कहा कि जब आपने कांग्रेस को देश और असम दोनों से सत्ता से बेदखल कर भाजपा–एनडीए को सत्ता सौंपी, तो हमने पूरी ईमानदारी से प्रयास शुरू किए। कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए विभिन्न समुदायों में फूट डाली, जबकि भाजपा ने स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में काम किया। इसी सोच के साथ बोडो शांति समझौता हुआ था। पहली बार इस समझौते ने सभी प्रमुख संगठनों और समूहों को एक साथ लाया।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है—और हर झूठे वादे के साथ, यह चार 'बड़े झूठ' बोनस उपहार के रूप में देती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस का उन वादों को पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एनडीए की दो इंजन वाली सरकार असम की विरासत के संरक्षण और राज्य के तीव्र विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोकराझार सहित इस पूरे क्षेत्र ने पिछले कुछ दशकों में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना किया है; इसे भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आज, बोडोलैंड शांति और विकास के पथ पर अग्रसर है। आज, असम शांति और प्रगति का एक नया अध्याय लिख रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बोडो समुदाय द्वारा अपनी भाषा और संस्कृति को संरक्षित देखकर उन्हें गर्व होता है। उन्होंने कहा कि आपका प्रेम मेरे ऊपर एक ऋण के समान है, और मेरा उद्देश्य हमेशा से आपकी सेवा करके और इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करके इस ऋण को चुकाना रहा है। कुछ सप्ताह पहले, मुझे गुवाहाटी में समृद्ध बोडो संस्कृति को देखने का अवसर मिला। आज इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और आधारशिला रखी गई है। कोकराझार और पूरे क्षेत्र ने बीते दशकों में बहुत कुछ सहा है और बहुत कुछ खोया भी है। हमने वो कठिन समय देखा है जब इन पहाड़ियों में बमों और तोपों की आवाज गूंजती थी। लेकिन आज ये तस्वीर बदल रही है। आज बोडोलैंड शांति और विकास के पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने फायदे के लिए विभिन्न समुदायों में फूट डालती थी, जबकि भाजपा ने शांति के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि 2020 के समझौते के तहत किए गए सभी वादे निरंतर प्रयासों से एक–एक करके पूरे किए जा रहे हैं।

### सीजेआई सूर्यकांत की बेंच का सख्त रुख, पब्लिक सेफ्टी की पीआईएल पर कहा- हम सरकार नहीं, देश नहीं चला सकते

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश में सड़कों, पुलों और बिजली व्यवस्था जैसी सार्वजनिक संरचनाओं की सुरक्षा को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि इस तरह की व्यापक मांगों पर निर्देश देना संभव नहीं है और न्यायालय पूरे देश का संचालन नहीं कर सकता है। मौजूद जानकारी के अनुसार प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि इसमें इतनी व्यापक और अलग–अलग तरह की मांगें शामिल हैं कि उन पर एक साथ आदेश देना व्यावहारिक नहीं माना जा सकता है।

गौरतलब है कि अदालत ने याचिका की तुलना एक ऐसे स्थान से की जहां हर तरह की मांग रख दी गई हो। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि याचिका किसी प्रदर्शन कक्ष या खरीदारी केंद्र की तरह लगती है, जिसमें गड्ढों वाली सड़कों की मरम्मत से लेकर अधूरे पुलों के निर्माण तक हर प्रकार की राहत मांग ली गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि इस तरह की व्यापक मांगों के साथ सर्वोच्च न्यायालय से पूरे देश के लिए निर्देश जारी करने की अपेक्षा करना उचित नहीं है।

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान खगड़िया जिले को दी 304 करोड़ रुपये की सौगात

> 319 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास > मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लिया जायजा > अधिकारियों को दिये तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**संवाददाता**

**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में अरुण मध्य विद्यालय, खगड़िया के समीप नगर सुरक्षा बांध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण, कालीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से खगड़िया नगर सुरक्षा बांध की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी अधिकारियों से जानकारी ली। इन योजनाओं में राजेंद्र चौक से बखरी बस स्टैंड के निकट रेलवे क्रॉसिंग पथ का निर्माण कार्य, अलौली प्रखंड में बागमती नदी पर गढ़ घाट के नजदीक उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल का निर्माण, महेशखूंट–गोगरी–परबत्ता–सुल्तानगंज घाट पथ में भगवान हाई स्कूल, गोगरी जमालपुर से जी०एन० बांध होते हुए फतेहपुर तक बाईपास का निर्माण कार्य, गांधी इंटर हाई स्कूल, बेलदौर प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य, खगड़िया में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य, खगड़िया नगर सुरक्षा बांध अंतर्गत तीन एंटी फ्लड स्लूइस गेट का निर्माण कार्य एवं खगड़िया प्रखंड के रहीमपुर से खगड़िया बाईपास पथ



तक बूढ़ी गंडक नदी पर पहुंच पथ सहित उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल का निर्माण कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी विकास योजनाओं का काम तय समय सीमा के अंदर ठीक ढंग से पूर्ण कराएं। इन सभी विकास कार्यों के पूरा हो जाने से लोगों को काफी फायदा होगा। पथों एवं पुलों के बन जाने से यातायात सुगम हो जाएगा तथा समय और ईंधन की भी बचत होगी। खगड़िया नगर परिषद के वार्ड संख्या–39 में स्थित संसारपुर मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत कुल 1,245 परिवारों को दूसरी किस्त के रूप में 4 करोड़ 98 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल की चाभी, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, खगड़िया का सांकेतिक चेक, कस्टम हायरिंग सेंटर की चाभी आदि लाभुकों को प्रदान किया।

जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में आपके द्वारा कई महत्वपूर्ण काम किए गए हैं। इसके लिए हम सभी महिलाएं आपके आभारी हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू की गई है। इससे हम सभी को काफी फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बहुत अच्छे ढंग से काम कर रही हैं।

बिहार के विकास में आप सभी का योगदान सराहनीय है। इसी प्रकार आप सभी आगे बढ़ते रहिए। आप सभी के हित में जो भी आवश्यकताएं होंगी राज्य सरकार उसे पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने खगड़िया के संसारपुर मैदान में खगड़िया जिला अंतर्गत 304 करोड़ रुपये की लागत से 319 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

# मासिक धर्म अवकाश नीतिः कोई नौकरी नहीं देगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला छात्रों और कामकाजी पेशेवरों को मासिक धर्म अवकाश प्रदान करने वाली एक समान राष्ट्रीय नीति की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के लाभ को अनिवार्य बनाने से अनजाने में रूढ़िवादिता को बढ़ावा मिल सकता है और नियोक्ताओं को महिलाओं को नौकरी पर रखने से रोका जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस अनुरोध का महिलाओं के रोजगार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



याचिकाकर्ता की दलील पर सुनवाई करते हुए पीठ ने टिप्पणी की, ये दलीलें भय पैदा करने, महिलाओं को हीन बताने और यह जताने के लिए दी जा रही हैं कि मासिक धर्म उनके लिए कोई बुरी घटना है। यह एक सकारात्मक अधिकार है। लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए जिसे सवैतनिक अवकाश देना पड़ता है। न्यायाधीशों ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि मासिक धर्म अवकाश एक वैध मुद्दे को स्वीकार करता है, लेकिन इसे कानून के माध्यम से अनिवार्य बनाना सामाजिक और व्यावसायिक रूप से प्रतिकूल हो सकता है। यह जनहित याचिका शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर की गई थी।

# चापाकल मरम्मति दल को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सावन कुमार, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, सुपौल के चलंत चापाकल मरम्मति दल को हरी झंडी दिखाकर प्रखंडों / क्षेत्र में रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पी० एच० ई० डी० द्वारा नगर निकाय एवं प्रखंडों के ग्रामीण इलाके में स्थापित किए गए सरकारी चापाकल के रख–रखाव एवं मरम्मति के लिए सभी प्रखंडों में कुल 11 चलंत मरम्मति दल जिसमें चापाकल मिस्त्री, खलासी व अन्य कर्मी हैं, भेजी जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल अन्तर्गत कुल 1,595 क्ट ।। चापाकल एवं 16,353 सिंगूर / साधारण चापाकल है।

चापाकल मरम्मति हेतु लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल के नियंत्रण कक्ष नंबर 06473–223669 या टॉल फ्रि नम्बर 18001231121 पर अपना शिकायत दर्ज कि जा सकती है। इस जिला नियंत्रण कक्ष नंबर पर जैसे हीं कॉल आएगा, तो चापाकल मिस्त्री, खलासी व अन्य कर्मी को सूचित की जायेगी एवं अविलम्ब चलंत मरम्मति दल को समाधान



जिलाधिकारी मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

हेतु भेजी जायेगी। इससे आम जनता को बहुत फायदा होगा। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल से संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों का मोबाईल संपर्क संख्या निम्नवत है जिसपे भी पेयजल सम्बन्धित शिकायत दर्ज की जा सकती है।

1. ई० जिसान हैदर, सहायक अभियंता, सुपौल (9552784777) 2. ई० लाल बाबु साह, सहायक अभियंता, त्रिवेणीगंज (7970811856) 3. ई० नीरज कुमार, सहायक अभियंता, वीरपुर (6202422906) 4. ई० पिंकु कुमार मंडल, सहायक अभियंता, निर्मली (9113763339) 5. ई० धीरज कुमार सिंह, कनीय अभियंता, सुपौल (7598524525) 6. ई० अविनाश कुमार, कनीय अभियंता, किशनपुर (9162028870) 7. ई० अरूण कुमार, कनीय अभियंता, सरायगढ़–भपटियाही (8757751032) 8. ई० मिठु कुमार, कनीय अभियंता, त्रिवेणीगंज, (7544827849) 9. ई० प्रदीप शर्मा, कनीय अभियंता, छातापुर (8210894579) 10. ई० धीरज कुमार, कनीय अभियंता, पिपरा (8539845527) 11. ई० शंकर कुमार, कनीय अभियंता, बसंतपुर (8541805922) 12. ई0 सनोज कुमार, कनीय अभियंता, प्रतापगंज (9572827350) 13. ई0 मुन्ना कुमार, कनीय अभियंता, राघोपुर (7544958381) 14. ई० श्रीमति नीलू भारती, कनीय अभियंता, मरौना (6204325060) 15. ई० दूर्गानन्द राम, कनीय अभियंता, निर्मली (9162434499) जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के दिनों में जितने भी चापाकल है, वह सुचारू रूप से काम करें । उन्होनें कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि सरकारी संस्थान / विधालयों में जितने भी चापाकल है वे चालू रहे। उन्होंने नल–जल योजना को क्रियाशील रखने को कहा। जिलाधिकारी के द्वारा पी० एच० ई० डी० के सभी पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता को कार्य की देख–रेख व अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया ।

# संक्षिप्त खबरें

## महिला शिक्षिका को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने किया सम्मानित

संवाददाता

**सहरसा:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से पटना में समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिले की शिक्षिका प्रबंधन नेटवर्क संयोजिका अंजना सिंह, डॉक्टर स्नेहा कुमारी, रेनू लता, अनु कुमारी, भारती कुमारी, पुनीता कुमारी, संजना सिंह, सादिया जफर एवं कल्पना कुमारी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर सम्मानित किया गया।

वही इंटरनेशनल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के बिहार प्रेसिडेंट अंजना सिंह ने सम्मानित शिक्षिकाओं को संघ के अध्यक्ष जय राम शर्मा, महासचिव दिनेश सिंह, अभय सिंह, उमेश सिंह, चौबे जी, रंजन सिंह एवं पवन प्रतापी के साथ मिलकर केक काटकर मुंह मीठा कराया गया। श्रीमती अंजना सिंह ने कहा कि महिलाएं आज जीवन के सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाओं ने जो अभूतपूर्व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उनका योगदान सराहनीय है।

महिलाएं अपने बाल बच्चे एवं पारिवारिक जीवन निर्वहन के बाद सरकारी दायित्व के निर्वहन में काफी मेहनत करती है। महिलाओं के कारण ही घर और जीवन स्वर्ग बन जाता है। आज सभी सरकारी विभागों में भी महिलाएं सफलता के साथ आगे बढ़ रही है। इन महिलाओं से हम सबों को काफी प्रेरणा मिलती है। महिलाओं में विशेष वात्सल्य एवं सृष्टि सृजन गुणों से उन्हें महान बनाती है। महिलाएं आज अबला नही बल्कि सबला बनकर पुरुषों से कंधा मिलाकर सीमा की रखवाली से लेकर लड़ाकू विमान चला रही है। वही अंतरिक्ष उड़ान कर दुनिया को विस्मित कर रही है।

## आरजेएम कॉलेज के मैथिली प्राध्यापक ने सीनेट चुनाव को लेकर किया नामांकन

संवाददाता

**सहरसा:** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत आगामी 28 मार्च को होने वाले सीनेट चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया आज संपन्न हुई। अब तक तेरह लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया है।बी एन मंडल विश्वविद्यालय में सीनेट सदस्य के चुनाव को लेकर रमेश झा महिला महाविद्यालय मैथिली विभाग के वरीय सहायक प्राध्यापक डॉ अभय कुमार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन दाखिल कर निकालने के बाद अभ्यर्थी को उनके समर्थक फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कुल सचिव प्रोफेसर अशोक कुमार ठाकुर ने बताया कि सीनेट चुनाव 2026 के संचालन को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया है। सीनेट निर्वाचन 2026 में शामिल अभ्यर्थी शांतिपूर्ण ढंग से कार्यालय की मयार्दा नियम और आचार संहिता का पालन करते हुए ही चुनाव प्रचार करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यालय अवधि की दौरान प्रचार करने के लिए संबंधित कार्यालय से अवकाश की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। ज्ञात हो कि नामांकन का अंतिम दिन है। इसके बाद नामांकन पत्र की समीक्षा की जाएगी।नामांकन दाखिल करने के बाद डॉक्टर अभय कुमार ने कहा कि सीनेट चुनाव में सफलता मिलने पर छात्र अध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समस्याओं को लेकर सतत समाधान के लिए तत्पर रहूंगा।साथ ही बेहतर पठन-पाठन एवं शैक्षणिक माहौल तैयार करूगा।

## सुरक्षा सम्मेलन को लेकर सहायक कमांडेंट ने सहरसा जंक्शन पर दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता

**सहरसा:** शुक्रवार को सहरसा में सीएम नीतीश के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रेल प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट थी। जंक्शन की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही चाक चौबंद कर दी गई थी। वही रेल मंडल के निर्देश पर सहरसा पोस्ट कमांडर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में क्यूंआरटी टीम गठित कर सुरक्षा में लगाए गए थे। वही जंक्शन पर स्पेशल टीम की भी तैनाती की गई थी। ट्रेनों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी इसके अलावा मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर रेलवे की इंटेलिजेंस विभाग की टीम भी लगाई गई थी। वही शहर के सभी मेजर रेलवे फाटक पर रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी वही रेलवे फाटक संख्या 31 और 32 पर खासतौर पर स्पेशल टीम तैनात की गई थी यह व्यवस्था सुदृढ़ रेल परिचालन और लोगों की सेफ्टी को लेकर किया गया था। समस्तीपुर रेल मंडल के आरपीएफ के सहायक कमांडेंट राकेश कुमार सिंह गुरुवार को सहरसा जंक्शन पहुंचे थे। वह जंक्शन पर आरपीएफ के सुरक्षा सम्मेलन में पहुंचकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान रेल यात्रियों की सुरक्षा के अलावा रेलवे सुरक्षा बल की समस्याओं से अवगत होकर अभिलंब समाधान का आश्वासन दिया है इसके अलावा ट्रेनों में चेन पुलिंग, शराब तस्करी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी जारी किया गया।

## पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया

संवाददाता

**नालंदा:** रंजन कुमार चौधरी, अपर समाहर्ता ( विभागीय जांच ), नालन्दा की अध्यक्षता में सिविल न्यायालयों में" Attendant, peon (General +Orderly)" के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 15 मार्च (रविवार), प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन हेतु टाउन हॉल, बिहार शरीफ में संबंधित केंद्राधीक्षकों, पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया। बिहारशरीफ जिला मुख्यालय अंतर्गत 34 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई है । स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु 34 केंद्र प्रेक्षक सह - स्टैटिक दंडाधिकारी, 34 जोनल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 15/03/2026 (रविवार) को दो पाली में (प्रथम पाली 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्यान्ह तक एवं द्वितीय पाली अपराहन 02.00 बजे से 04.00 बजे अपराह तक) किया जाना है। प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 15/03/2026 (रविवार) को 23940अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर एवं एक स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजन को लेकर प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है जो लगातार विभिन्न सम्बद्ध परीक्षा केंद्रों के बीच भ्रमणशील रहते हुए स्वच्छ, निष्पक्ष परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश का समय प्रथम पाली के लिए पुर्वाहन 08.30 बजे से 09.30 बजे पुर्वाहन तक एवं द्वितीय पाली के लिए अपराहन 12:30 बजे से 01.30 बजे अपराहन तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित प्रवेश के समय के बाद आने वाले किसी भी परीक्षाथी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में परीक्षा हॉल /कक्ष में मोबाइल फोन/ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गजट के साथ परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संबंधित परीक्षा केंद्र पर पूर्वाह्न 8:00 पूर्वाह्न तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। संपूर्ण परीक्षा अवधि में सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। संपूर्ण परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के 500 गज परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा के आयोजन के अवसर पर जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने को लेकर अलग से दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री का सहरसा आगमन, जीविका स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र









संवाददाता

**सहरसा:** समृद्धि यात्रा के क्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को सहरसा पहुंचे।सहरसा के शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी भ्रमण किया और वहां उपस्थित जीविका दीदियों से संवाद किया ।जीविका स्टॉल पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत स्वरोजगार कर रही जीविका दीदियों की गतिविधियों को मॉडल एवं जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था।इसमें कृषि, पशुपालन, गैर-कृषि सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़े कार्यों को प्रमुखता से दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने जीविका से लाभान्वित महिलाओं से उनके द्वारा शुरू किए गए व्यवसायों की जानकारी ली और कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने जीविका एवं जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

समृद्धि यात्रा के दौरान जीविका से संबद्ध उत्पादक समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की । कार्यक्रम के दौरान जिले के मेंटर गिरीश कुमार तथा राज्य परियोजना प्रबंधक समीर कुमार द्वारा जीविका टीम का मार्गदर्शन किया गया।वहीं डीपीएम श्लोक कुमार ने जीविका दीदियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जीविका दीदियों को 133 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया गया। साथ ही जीविका दीदियों की ओर से मुख्यमंत्री को उनका तैलीय चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के दौरान जीविका स्टॉल पर डीपीएम श्लोक कुमार, सुधा दास, राकेश रंजन, प्रेम शंकर, प्रवीन कुमार, विक्रमादित्य चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। शाहपुर में समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टालों का किया निरीक्षण। जिले के शाहपुर गांव में आयोजित मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का मुख्य मंत्री नितीश कुमार ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल पर राज्य सरकार के कई विभागों ने अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए आकर्षक स्टाल लगाए थे। जिसका निरीक्षण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर टूरिज्म विभाग, बुडको, भवन निर्माण निगम, कला संस्कृति विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, जीविका हाट, उद्योग विभाग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाए थे।इन स्टालों के माध्यम से विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई थी। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी स्टालों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। कई स्टालों पर स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प सामग्री, कृषि तकनीक और सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।विशेष रूप से जीविका हाट के स्टाल पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिसकी मुख्यमंत्री ने सराहना की, वहीं कृषि, पशुपालन और मत्स्य विभाग द्वारा किसानों के लिए आधुनिक तकनीक और योजनाओं की जानकारी दी गयी।तत्पश्चात मुख्यमंत्री नें बंगाली बाजार स्थित आर ओ बी निर्माण कार्य का निरीक्षण कर स्टेडियम मैदान में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 वर्षों में बिहार में और ज्यादा काम होगा। इससे बिहार और विकसित होगा। और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा। यह देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार का बहुत बुरा हाल था। शिक्षा व्यवस्था बदहाल थी, सड़के बहुत कम थी, बिजली की आपूर्ति कम थी। उन्होंने कहा कि 24 नवंबर 2005 को एनडीए सरकार बनने के बाद तब से लगातार कानून का राज्य है और न्याय के साथ विकास हो रहा है। इससे पहले बुरा हाल था लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। समाज में हिंदू मुस्लिम के बीच बराबर झगड़ा हो रहे थे। पढ़ाई, इलाज, सड़क, बिजली का बुरा हाल था। बिहार विकास में बहुत आगे बढ़ रहा है। वहीं केंद्र सरकार से विशेष सहायता मिल रही है। वही सभी के हित में कार्य किया जा रहा है। बिहार का विकास निरंतर हो रहा है। किसी प्रकार का डर या भय नहीं है।शांति एवं भाईचारा कायम है।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बदला हुआ बिहार है। यहां एक करोड़ 16 लाख महिलाओं को रोजगार के अवसर के प्रदान करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सहरसा का कायाकल्प होने वाला है। मुख्यमंत्री के प्रयास से सहरसा में मेडिकल कॉलेज, मत्स्यगंधा में अंतरराष्ट्रीय पर्यटक ग्लास ब्रिज, उग्रतारा स्थान का विकास, मंडन धाम का विकास, आरओबी निर्माण के साथ-साथ हवाई जहाज सेवा भी के लिए एक महीने के अंदर टेंडर आएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां भी रहेंगे उनके आशीर्वाद से और उनके मार्गदर्शन में बिहार का विकास होता रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार दूध मछली एवं अंडा के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि की है।

वही मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर बन गया है। उन्होंने कहा कि अब तक 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया गया है। वही आने वाले दिनों में एक करोड़ लोगों को नौकरी एवं रोजगार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले 6 मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। अब आने वाले दिनों में बिहार की 21 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। वहीं पटना एवं एम्स अस्पताल में 5400 बेड का अस्पताल निर्माण किया जा रहा है। शिक्षक आनंद मिश्र के संचालन में आयोजित इस सभा को मंत्री विजय चौधरी, सांसद दिनेश चंद्र यादव, सिमरी बख्तियारपुर विधायक संजय कुमार सिंह, विधान पार्षद ललन सर्राफ, पूर्व मंत्री आलोक रंजन, सोनबरसा विधायक रत्नेश सादा, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं पूर्व विधान पार्षद सहित अन्य मौजूद रहे।इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं एनडीए समर्थक मौजूद रहे।

# सिमरी बख्तियारपुर के गैस एजेंसी में दिनभर लटका रहा ताला, भटकते रहे गैस उपभोक्ता।

### बिना किसी पूर्व सूचना के बंद रहा गैस एजेंसी, संचालक का मोबाइल आफ

संवाददाता

**सिमरी बख्तियारपुर ( सहरसा ):** गैस की कोई कमी नहीं है, धैर्य बनाए रखें, सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी'' ऐसा दावा करने वाली सिमरीबख्तियारपुर की भारत गैस एजेंसी पर शुक्रवार को अचानक ताला लटकता मिला। बिना किसी पूर्व सूचना के एजेंसी बंद रहने से दिनभर उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गैस लेने पहुंचे लोगों की भीड़ एजेंसी परिसर के बाहर लगी रही, लेकिन एजेंसी बंद रहने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। शुक्रवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे थे। लेकिन एजेंसी पर ताला लगा देख लोग कारणों की जानकारी लेने में जुटे रहे। काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद किसी तरह की संतोषजनक जानकारी नहीं मिल सकी। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी भी देखी गई। इस दौरान दैनिक जागरण की टीम जब भारत गैस एजेंसी पहुंचकर मामले की जानकारी ली तो आसपास के कुछ लोगों ने बताया कि सुबह में एजेंसी खुली हुई थी। लेकिन उपभोक्ताओं की भीड़ और अफरा-तफरी का माहौल बनने के बाद एजेंसी संचालक ने एजेंसी बंद कर दी। उपभोक्ताओं का कहना है कि यह एजेंसी संचालकों की मनमानी है। बिना किसी सूचना या नोटिस के एजेंसी बंद कर देना उचित नहीं है। इससे दूर-दराज से आए लोगों को बेवजह परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं इस संबंध में जब एजेंसी संचालक राहुल कुमार से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल बंद मिला। हालांकि बाद में एजेंसी संचालक राहुल कुमार को



जानकारी मिलने पर उन्होंने काल कर बताया कि भीड़ अधिक होने के कारण एजेंसी बंद कर दिया गया। " पर्ची पर राशि शून्य, उपभोक्ताओं से वसूले जा रहे 1020 रुपये प्रति सिलेंडर" गैस उपभोक्ताओं से वसूली को लेकर एक नया मामला सामने आया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी द्वारा उन्हें जो पर्ची दी जा रही है, उसमें किसी प्रकार की राशि अंकित नहीं होती, जबकि गैस सिलेंडर देने के नाम पर उनसे 1020 रुपये प्रति सिलेंडर वसूले जा रहे हैं। बताया जाता है कि गैस लेने पहुंचे कई उपभोक्ताओं को बिना मूल्य अंकित पर्ची थमा दी जाती है। इसके बाद उनसे नकद 1020 रुपये की मांग की जाती है। इसको लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पर्ची पर राशि दर्ज ही नहीं रहती है तो उनसे इतनी रकम किस आधार पर ली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले से ही गैस की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। लंबी कतार में लगकर गैस लेने की मजबूरी बनी हुई है। ऐसे में बिना स्पष्ट मूल्य के पर्ची देकर राशि वसूले जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने संज्ञान लिया है। उपभोक्ताओं की परेशानी और एजेंसी की अव्यवस्था पर एसडीओ आलोक राय ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एजेंसी पर उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वहां दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा।

# समृद्धि यात्रा में मधुरेंद्र का सैंड आर्ट बना मुख्य आकर्षण, मुख्यमंत्री ने कहा- धन्यवाद

- समृद्ध बिहार की थीम पर एक विशाल सैंड आर्ट कलाकृति की तैयार
- 100 टन बालू से तैयार हुआ नीतीश कुमार की सैड आर्ट कलाकृतिः मधुरेंद्र कुमार




संवाददाता

**सहरसा:** बिहार समृद्धि यात्रा 2026 के तहत शुक्रवार को जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार की भव्य सैंड आर्ट कलाकृति पूरे आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण बन गई। शाहपुर स्थित निगम पार्क परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने समृद्ध बिहार की थीम पर एक विशाल सैंड आर्ट तैयार किया।जिस पर समृद्ध बिहार के शिल्पकार नीतीश कुमार अंकित था।कार्यक्रम के दौरान जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करते हुए योजना शिलान्यास स्थल पर पहुंचे। तब उनकी नजर बालू से बनी अपनी ही भव्य तस्वीर पर पड़ी। मुख्यमंत्री कुछ क्षणों तक रुककर इस कलाकृति को निहारते रहे और मुस्कुराते हुए वहां मौजूद कलाकार मधुरेंद्र कुमार को धन्यवाद कहा। मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया वहां मौजूद लोगों के लिए खास क्षण बन गई। विश्वविख्यात सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने इस कलाकृति को तैयार करने में लगभग 15 घंटे की कड़ी मेहनत की। उन्होंने कोशी नदी की उजली बालू का उपयोग करते हुए लगभग 100 टन एक लाख किलोग्राम रेत से करीब 20 फीट ऊंची मुख्यमंत्री की मनमोहक तस्वीर बनाई। इस अद्भुत सैंड आर्ट को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और यह समृद्धि यात्रा का प्रमुख आकर्षण बन गया।

मुख्यमंत्री के प्रस्थान के बाद भी बड़ी संख्या में लोग इस कलाकृति को देखने पहुंचे। लोगों ने कलाकार के साथ सेल्फी लेकर तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिससे यह सैंड आर्ट तेजी से वायरल हो गई।ज्ञात हो कि सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार इससे पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कई महत्वपूर्ण यात्राओ न्याय यात्रा, विकास यात्रा, धन्यवाद यात्रा, प्रवास यात्रा, विश्वास यात्रा, अधिकार यात्रा, संवाद यात्रा, निश्चय यात्रा, समीक्षा यात्रा, जल-जीवन-हरियाली यात्रा और समाज सुधार यात्रा के दौरान 50 से अधिक सैंड आर्ट बनाकर लोगों को जागरूक कर चुके हैं। इस अवसर पर कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने अपनी कलाकृति के माध्यम से "समृद्ध सहरसा, समृद्ध बिहार" का संदेश दिया। समृद्धि यात्रा के इस आयोजन में सैंड आर्ट ने न केवल जनजागरूकता का संदेश दिया, बल्कि कला के माध्यम से विकास की अवधारणा को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, डीजीपी विनय कुमार, सुपौल के डीएम दीपेश कुमार, एसपी हिमांशु सहित अन्य वरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कलाकार की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

## महिषी में आयोजित होगा भव्य हिन्दू जागृति सम्मेलन



संवाददाता

**सहरसा:** विश्वविख्यात उग्रतारा शक्तिपीठ एवं सनातन धर्म के ध्वजवाहक पंडित मंडन मिश्र की जन्म स्थली महिषी में आगामी हिन्दू नववर्ष एवं रामनवमी के शुभ अवसर पर 19 मार्च को भव्य हिन्दू जागृति सम्मेलन एवं श्रीरामनवमी की पूर्व संध्या 25 मार्च को भव्य श्रीराम रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

श्रीरामनवमी पूजा समिति एवं ग्रामीणों की सहभागिता से यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष महिषी में आयोजित होता है।इसी क्रम में शुक्रवार को महिषी रामशाला पर सरपंच प्रतिनिधि आशुतोष चौधरी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई।सबने सर्वसम्मति से अपने इस धरोहर के संरक्षण एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए युवाओं के इस प्रयास की सराहना की तथा एकबार पुनः भव्य आयोजन को लेकर उत्सुकता दिखाई।ज्ञात हो कि इस अवसर पर दिनांक 19 मार्च को आध्यात्मिक वक्ताओं, विद्वानों, कवियों एवं संगीत के सिद्ध कलाकारों का आगमन होगा। महिषी स्थित रामशाला जो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से जुड़ा हुआ है। इस दिव्य भूमि पर यह सौभाग्यशाली समायोजन समाज के लिए आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रेरणादायक अवसर है। बैठक में महिषी उत्तरी सरपंच प्रतिनिधि आशुतोष चौधरी, विकास वर्धन मिश्र, नीलू मिश्रा, मुन्ना ठाकुर, विनय ठाकुर, केशव चौधरी, आयुष ठाकुर, व श्रीरामनवमी पूजा समिति महिषी के सदस्यों समेत सैकड़ों सम्पूर्ण ग्रामीण उपस्थित थे।

# समृद्धि यात्रा में बोले श्री सम्राट चौधरी, सहरसा एयरपोर्ट के लिए जल्द जारी होगा टेंडर, खगड़िया में स्टील प्लांट लगाने का ऐलान

- समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा और खगड़िया पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी
- वाल्मीकिनगर और वीरपुर एयरपोर्ट के बाद सहरसा एयरपोर्ट के लिए भी जल्द टेंडर
- खगड़िया में स्टील प्लांट लगाने की योजना, रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर

संवाददाता

**सहरसा/खगड़िया/** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जल्द ही सहरसा में भी एयरपोर्ट निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। मानसी से सहरसा फोरलेन सड़क का भी निर्माण किया जा रहा है। एनडीए शासन में सहरसा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने खगड़िया में स्टील प्लांट लगाने का भी ऐलान किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा और खगड़िया पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सहरसा स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में विकास की मजबूत नींव रखी है। एक समय सहरसा और आसपास का इलाका टापू बन जाता था। बी.पी. मंडल पुल के क्षतिग्रस्त होने पर उसे ठीक होने में वर्षों लग जाते थे। सिमरी बख्तियारपुर और आसपास के क्षेत्रों में स्थिति काफी परेशान करने वाली थी।

पहले खगड़िया से सहरसा आने में चार से पांच घंटे लगते थे, आज पटना से सहरसा का सफर चार घंटे में पूरा हो रहा है। कोसी, काली कोसी और गंडक जैसी नदियों से घिरे इस इलाके में अब सड़कों का जाल बिछ चुका है। सैकड़ों छोटे-बड़े पुलों का निर्माण कराया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बिहार में कभी मात्र छह हजार किलोमीटर सड़कें थीं, वहां आज करीब 1 लाख 40 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया जा चुका मानसी से सहरसा तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कभी बिहार का बजट छह हजार करोड़ रुपये था, वह आज बढ़कर साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये हो गया है। वर्ष 2005 से पहले जहां राज्य में केवल 17 लाख बिजली उपभोक्ता थे, आज यह संख्या 2 करोड़ 16 लाख है। राज्य में 23 से 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली से करीब 88 प्रतिशत उपभोक्ताओं का बिल शून्य आ रहा है।

साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं के साथ पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। 1 करोड़ 81 लाख परिवारों के खातों में 10 हजार रुपये भेजकर उन्हें रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया है। आज जीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का व्यवसाय कर रही हैं। मधेपुरा और सुपौल में मेडिकल कॉलेज निर्माण के बाद सहरसा में भी मेडिकल कॉलेज बन रहा है। जल्द ही सहरसा एयरपोर्ट के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। वहीं खगड़िया के संसारपुर मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खगड़िया उनका घर है। वे यहां नेता नहीं बल्कि बेटा के रूप में आए हैं। पहले खगड़िया से पटना, सहरसा और भागलपुर जाने में पूरा दिन लग जाता था, अब दो से तीन से घंटे में यह दूरी तय होती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खगड़िया में स्टेशन रोड का सुधार, बाइपास निर्माण हुआ। श्री चौधरी ने खगड़िया में स्टील प्लांट लगाने का ऐलान किया। और कहा कि पलायन पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए यहां उद्योग स्थापित किया जा रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि खगड़िया विकास में पीछे नहीं रहेगा क्योंकि उनका बेटा इसके लिए लगातार प्रयासरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### रमजान का आखिरी जुमे की नवाज किया गया अदा

संवाददाता

**छौराही बेगूसराय।** प्रखंड क्षेत्र के तमाम मस्जिदों में इमाम की मौजूदगी में रमजान के आखिरी जुमे की नवाज नवाज की के द्वारा अदा किया गया। सहुरी लखन पट्टी जामा मस्जिद बकारी अमारी शाहपुर बखड्डा सावंत पंसला ऐजनी परोरा एवं एकंबा के मस्जिदों में नवाजी के द्वारा आखिरी जुमे की नवाज अदा किया गया। जानकारी देते बकारी जामा मस्जिद इमाम अब्दुल सलमान काजमी बताया कि रमजान का महीना नेकी ईमानदारी का संदेश देता है।

समाज में खैरात की परंपरा जाहिर सी बात है कि इसका उद्देश्य एक भी परिवार भूखा ना रहे। यह भाईचारे का संदेश के रूप में तालीम माना जाता है। उन्होंने बताया कि नजराना के रूप में 6000 नगद रुपए दिए गए हैं। मौके पर ईमान कारी सलमान मौलाना संजर सरफराज आलम मोहम्मद फैयाज अजहरुद्दीन समेत अन्य नवाजी मौजूद थे।

### बालू से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया

संवाददाता

**बाढ़** अनुमंडल के मोकामा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरटेक के दौरान एक सड़क हादसा हो गया। यह घटना शिवनार और मोकामा के बीच छतरपुरा के पास हुई, जहाँ बालू से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक पटना से लाल बालू लादकर पश्चिम बंगाल के मालदा जा रहा था। इसी दौरान चालक ने सामने चल रहे एक कंटेनर को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और दुर्घटना हो गई। हादसे में ट्रक चालक ताजीमुल हक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका खलासी एमदाउल हक सुरक्षित बताया जा रहा है। दोनों पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के निवासी हैं। घटना की सूचना मिलते ही मोकामा थाना पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने NHAI की एम्बुलेंस की मदद से घायल चालक को मोकामा रेफरल अस्पताल (ट्रॉमा सेंटर) में भर्ती कराया, जहाँ उसका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर NTPC क्षेत्र से निकलने वाली धूल और हाईवा ट्रकों से गिरने वाली बालू अक्सर सड़क पर फैल जाती है, जिससे कई बार वाहन चालकों को परेशानी होती है और हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

### गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के लॉ छात्रा ने सगाई के 15 दिन बाद हॉस्टल में फांसी लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता

**डेहरी/रोहतास:** खबर रोहतास जिला के डेहरी प्रखंड अन्तर्गत जमुहार के गोपाल नारायण विश्वविद्यालय के छात्रा की आत्म हत्या से जुड़ी है। सगाई के 15 दिन बाद लॉ छात्रा ने हॉस्टल में लगाई फांसी, सुसाइड नोट में शादी का दबाव होने का जिक्र किया। रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित गोपाल नारायण लॉ कॉलेज के हॉस्टल में एक छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद पूरे विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया।

मृतका की पहचान प्रियंका सिंह के रूप में हुई है, जो कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र के बैरी गांव की रहने वाली थी। बताया जाता है कि बीते 25 फरवरी को ही उसकी सगाई शिवसागर थाना क्षेत्र के नींव गांव के रहने वाले एक युवक से हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें परिजनों के दबाव में शादी की बात लिखी गई है। उक्त पत्र को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है, जहां मेडिकल टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस संबंध में एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

### धुसहा में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम, 50 हजार नगद सहित हजारों का जेवरात लेकर चोर हुआ चंपत

संवाददाता

**भगवानपुर/ बेगूसराय:** विगत रात्रि भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत अंतर्गत धुसहा गांव स्थित वार्ड संख्या 6 में भीषण चोरी की घटना को चोरों ने दिया अंजाम, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। उक्त गांव निवासी सह वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य रंजीत साह पिता स्वर्गीय राम कैलाश साह ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी पिंकी देवी व दो पुत्र 16 वर्षीय अंशु कुमार तथा 13 वर्षीय छोटू कुमार के साथ घर के नीचले तल्ले में सोये हुए थे। सुबह जब सो कर उठा तब पता चला कि ऊपर वाले तल्ले पर अवस्थित कमरे का ताला खुला हुआ है तथा घर में समान बिखरे हुए हैं। अज्ञात चोर बक्सा का ताला खोलकर उसमें रखे 50 हजार रुपए नगद व सोने व चांदी के जेवरात लेकर चंमपत हो गया था।इस घटना से स्वजन को गहरा आघात लगा तथा वे इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित स्वजनों से घटना के संबंध में पुछताछ की तथा पीड़ित स्वजन के फर्द बयान पर कार्रवाई करते हुए स्वान दस्ता से जांच कर चोरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि स्वान दस्ता व एफएसएल की टीम के द्वारा जांच की गई है। बहुत जल्द ही चोरी का समान बरामद कर लिए जाएंगे तथा चोर भी पुलिस पकड़ में होगी, वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया रजनीश कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर उनका दुःख बांटने का प्रयास किया। मुखिया श्री सिंह ने बताया कि जोकिया पंचायत में इससे पूर्व भी कई बार चोरी घटनाएं हुई है, जिससे पंचायत वासी दहशत में रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### दो बच्चों की मां को पुलिस ने बरामद किया

संवाददाता

**कतरीसराय:** स्थानीय थाना क्षेत्र के दरवेशपुरा गांव से प्रेम प्रसंग में नाती पोते वाले प्रेमी संग मायके से भागी दो बच्चों की मां को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त महिला के मायके वालों के द्वारा थाना में लिखित आवेदन दिया गया था उस आलोक में मामले की जांच कर रहे आईओ संजय दास ने उक्त महिला को बरामद किया। बरामदगी के बाद महिला को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उसका बयान धारा 164 के तहत दर्ज कराया गया। बयान के दौरान महिला ने स्पष्ट रूप से अपने प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई। न्यायालय ने महिला के बालिग होने और स्वयं निर्णय लेने में सक्षम होने के आधार पर उसके इच्छानुसार आदेश पारित किया। न्यायालय के आदेश के आलोक में महिला को उसके प्रेमी महेश्वरी पासवान, पिता रामजी पासवान, निवासी ग्राम सोनवर्षा, थाना साम्मो, जिला बेगूसराय को सौंप दिया गया। इस दौरान महेश्वरी पासवान की पहली पत्नी भी मौके पर मौजूद थीं।

## कौशल कुमार जिलाधिकारी दरभंगा आज (कार्यालय कक्ष में) जनता दरबार आयोजित कर सुनीं कई नागरिकों की समस्याएँ, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

संवाददाता

**दरभंगा।** जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार'' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ और शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने परिवादियों को सम्मान के साथ बैठाकर समस्याओं के बारे में जानकारी लिए। जनता के दरबार में कुल 30 से अधिक परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें 25 आवेदक ऑनलाइन माध्यम से तथा 05 आवेदक ऑफलाइन माध्यम से अपनी शिकायत लेकर पहुँचे। जनता दरबार के दौरान भू-अर्जन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, परिवहन विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, पशु एवं मत्स्य विभाग, समाज कल्याण विभाग आदि से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी परिवादियों को बैठाकर उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना। आधे से अधिक मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया, जबकि शेष प्राप्त




आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र जांच कर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मामलों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का निवारण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। लंबित मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए*। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए उनके निष्पादन की प्रगति से आवेदकों को समय समय पर अवगत कराया जाए, ताकि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### युवा आपदा मित्र स्कीम शिविर का निरीक्षण

संवाददाता

**तेघड़ा बेगुसराय:** 9 बिहार बटालियन एनसीसी बरौनी द्वारा आयोजित युवा आपदा मित्र स्कीम (अटर) शिविर का निरीक्षण एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के कमांडर ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने किया। इस शिविर में कुल 510 कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। यह एक ऐसा विशेष प्रशिक्षण शिविर है जिसका उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के समय (बाढ़, भूकंप, आग लगना) त्वरित सहायता, रेस्क्यू और राहत कार्य करने के लिए तैयार करना है। साथ ही ड्रिल, हथियार चलाने, निशानेबाजी, शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ नेतृत्व और टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी शामिल हैं। निरीक्षण करने पहुँचे एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के कमांडर ने कैडेट्स को प्रेरणादायक संबोधन में समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने की सीख दी। उनका स्वागत 9 बिहार बटालियन के समादेषी पदाधिकारी कर्नल दीपक कुमार ने किया। ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने कैंप में मौजूद एडीआरएफ के 16 सदस्य, सभी एएनओ, पीआई स्टाफ एवं जीसीआई से संवाद किया और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से अमता गांव में स्वास्थ्य शिविर व चश्मा वितरण कार्यक्रम शुरू



संवाददाता

**दरभंगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से अमता गांव में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर व चश्मा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ बेनीपुर विधायक, प्रो विनय कुमार चौधरी ने किया। शिविर में सैकड़ो लोगों के बिच विभिन्न प्रकार के दवाओं का एवं 27 महादलित परिवार के लोगों के बिच चश्मा वितरण किया। विधायक विनय चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा इस तरह का शिविर हर गांव में लगाया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सके। एनडीए सरकार के मुखिया नीतीश कुमार राज्य के प्रत्येक व्यक्ति के घर तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया है और यह काम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ बीडी महतो, डॉ भारत भूषण, स्थानीय मुखिया मनोरमा देवी, युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक सतीश चंद्र पाण्डे, एएनएम चंदा कुमारी, सीएचओ गौरीशंकर, मनीष कुमार, सुनिल सिंह, राम पुकार मंडल, फूलकुमारी देवी, राघवेंद्र प्रसाद, संजय मंडल, इंद्र लालदेव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अध्यक्ष और सचिव ने लगातार दूसरी बार जीत किया पक्की



संवाददाता

**औरंगाबाद:** जिला विधिज्ञ संघ के कार्यसमिति चुनाव 2026-28 में जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और महासचिव जगनरायण सिंह ने लगातार दूसरी बार चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया, चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह, अभय कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पाण्डेय को 407 वोट मिले नागेन्द्र सिंह को 322वोट मिले एक अन्य प्रत्याशी अरूण कुमार शर्मा को 12 वोट मिले, इस तरह से विजय कुमार पाण्डेय 85 वोट से विजयी घोषित हुए, महासचिव पद पर जगनरायण सिंह को 383 वोट मिले, परशुराम सिंह को 277 वोट मिले, प्रमोद कुमार सिंह को 20 वोट मिले, सतीश कुमार सिंह को 18 वोट मिले, अखिलेश कुमार को 16 वोट मिले, विजय कुमार सिंह को 13 वोट मिले, निरज कुमार सिंह को 5 वोट मिले और रामोतार यादव को 5 वोट मिले इस तरह से महासचिव पद पर जगनरायण सिंह 106 वोट से विजयी घोषित हुए, अन्य पदों की गिनती कर होगी, अध्यक्ष और सचिव ने कहा कि यह जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद की जीत है और हमारे विकास कार्यों से हमें जीत मिली है आगे विकास कार्य जारी रहेगा।

## मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना बच्चों के संपूर्ण विकास हेतु एक बड़ी पहल : डीईओ

संवाददाता

**औरंगाबाद** : जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों के समूह को जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार की अत्यंत प्रभावी योजना "मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना" बच्चों के सर्वांगीण विकास में काफी सहायक हो रही है। बच्चे आस पास के ऐतिहासिकधार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों से रूबरू होकर एवं वहां के तथ्यों को जान कर




अपने ज्ञान को समृद्ध करते हैं। शैक्षणिक परिभ्रमण उनके मानस पटल को विस्तृत बनाती है जो उन्हें और वस्तुनिष्ठ भी बनाती है। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण को लेकर बच्चे काफी उत्साहित रहते है।

नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में शैक्षणिक समझ को क्लासरूम के बाहर ले जाना है।किताबों में निहित विषयवस्तु को परिवेश के फिजाओं में ले जाकर उन्हें अंतसंबंधित करना है। यह प्रविधि ज्ञान को बच्चे के मानस पटल में स्थायी जगह प्रदान करती है। विद्यालय के बच्चे नोटबुक एवं कलम के साथ साथ प्रकृति के सौन्दर्य का अवलोकन करेंगे और कलमबद्ध भी करेंगे।आसपास के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक विराटता के बीच होने का एहसास बच्चों को काफी समृद्ध बनाती है। शैक्षणिक परिभ्रमण में बहैसियत गाइड विद्यालय की शिक्षिकाएं शारदा सिंह, चंद्रमा सिंह, करुणा सिन्हा एवं ज्योति मौर्या ने बच्चों को उपयोगी जानकारियां प्रदान करेंगी।

## तीन दिवसीय शिक्षा महोत्सव समारोह का जिप अध्यक्ष नैना देवी ने किया उदघाटन

### शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा : नैना कुमारी

संवाददाता

**गयाजी वजीरगंज:** वजीरगंज के सुदूरवर्ती क्षेत्र पतेड़ मंगरावां में तीन दिवसीय शिक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया. महोत्सव का उद्घाटन शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी एवं उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव, जिप सदस्य छोटू दास, भाजपा नेता क्षितिज मोहन सिंह सहीत अन्य ने दीप जलाकर सामुहिक रूप से किया. समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी ने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है और आज के वैज्ञानिक युग में बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं है.

काम करके आप अपना घर को चला सकते हैं, लेकिन बिना शिक्षा के उसे सम्भाल नहीं सकते. शिक्षा सेवी सह




सरपंच महेश कुमार सुमन ने जो यह महोत्सव का आयोजन किया है वह सराहनीय एवं प्रेरणादायक है. जिला परिषद उपाध्यक्ष डॉ0 शीतल प्रसाद यादव, भाजपा नेता क्षितिज मोहन सिंह ने कहा कि वास्तव में शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पीएगा वह दहाड़ेगा. डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा रूपी दूध को पीने के लिए ललकारा था, जो वास्तव में सत्य है. महोत्सव के दरम्यान क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया तथा उनसे प्रेरणा लेकर अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित भी किया गया.

वक्ताओं ने पतेड़ क्षेत्र को पूर्व में नक्सल प्रभावित बताते हुए कहा कि यहां शिक्षा का अलख जगाना खुद में चुनौतिपूर्ण कार्य रहा है, लेकिन अब काफी लोग जागरूक हो गए हैं, परन्तु अभी भी इस लौ को जलाए रखने की जरूरत है. कक्षा छः की छात्रा परी कुमारी के गाए भक्ति गाने पर लोग झूमने को विवश हो गए. कवियों में कुमार आर्यन, नवनीत कृष्ण, रंजीत दुधु, पियूष प्रणव, संतोष सागर, अनमोल कुमारी, रंजना लता, नागेन्द्र मणी सहित अन्य की रचनाओं ने खूब तालियां बटोरी. इस मौके पर क्षेत्रिय उप निदेशक मो0 सईद अंसारी, डॉ0 संजय कुमार, उप प्रमुख जनार्दन पासवान, पूर्व प्रमुख भूनेश्वर दास सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे. वहीं रात्री को वि0पी0 वर्मा ने जादू का खेल दिखाया तथा सृजन टीम रोहतास ने भी अपनी प्रस्तुति दी.

### पति - पत्नी के विवाद में कुदा प्रेमी, प्रेमिका के पति को पेट्रोल छिड़कर कर जलाया, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**गयाजी परैया:** थाना क्षेत्र में आग से जलाने को लेकर दो दिन पहले वायरल हुए वीडियो के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, परैया थाना अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर पीड़ित का फर्द बयान दर्ज किया, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गुड्डू यादव को लुटुआ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही मारपीट



का मामला दर्ज है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की गई और पीड़ित के बयान के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घरेलू गैस को लेकर पैनिक नहीं होने का किया अपील

संवाददाता

**डेहरी/रोहतास:** जिले में घरेलू गैस के कालाबाजारी से एक तरफ उपभोक्ता त्रस्त है तो दूसरी तरफ एरिया इंचार्ज अबध बिहारी की मनमानी से उपभोक्ताओं के लूटने में गैस एजेंसी मस्त हैं। इसी कड़ी में जिलाधिकारी उदिता सिंह तथा एसपी रौशन कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सासाराम में लोगों से घरेलू गैस को लेकर पैनिक नहीं होने की अपील किया।जिलाधिकारी उदिता सिंह ने बताया कि जिले में घरेलू गैस की किल्लत नहीं है फिर भी आपूर्ति पुरी प्रदर्शिता के साथ इसके लिए मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती किया गया है।

उन्होंने कहा कि एरिया इंचार्ज अबध बिहारी की भूमिका भी जांच पड़ताल के लिए निर्देश दिया गया। बता दूं कि एजेंसी के माध्यम से डोर टू डोर 1013 में पहुंचने वाले घरेलू गैस किल्लत को दिखाकर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। लेकिन 33 रूपए से अधिक उपभोक्ताओं से एजेंसी



गोदाम पर वसूली की प्रति सिलेंडर किया जा रहा है जो कालाबजारी करने में एजेंसियों को बल मिल रहा है। वही रोहतास में इंडियन ऑयल एरिया इंचार्ज अबध बिहारी की भूमिका जिले में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी कराने की चर्चा जोरों पर है। जिस पर जिलाधिकारी उदिता सिंह ने संज्ञान लेते हुए कारवाई का आश्वासन दिया है।

फिलहाल रोहतास प्रशासन पुलिस आमजनों से घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर पैनिक नहीं होने कि अपील किया है।

## 89% मतदान के साथ ही जिला विधिज्ञ संघ के विभिन्न पदों का चुनाव शान्ति पूर्ण सम्पन्न

संवाददाता

**औरंगाबाद** : जिला विधिज्ञ संघ 27 सदस्यीय कार्यसमिति 2026-28 का चुनाव तीन बुथो पर शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुआ, चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह, अभय कुमार ने बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या -847 थी जिसमें-756 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया, बुथ संख्या 1 पर-268 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं बुथ संख्या 2 पर मतदान-272 हुआ, बुथ संख्या -03 पर मतदान-216 हुआ कुल मतदान-756 हुआ, अध्यक्ष महासचिव कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों का चुनाव 10 बजे से शुरू हुआ जो 4 बजे तक चली, सुबह से बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्र पर लाइन में लगकर अपने अपने प्रत्याशियों के



पक्ष में मतदान कर रहे थे इस बीच कोर्ट कार्य भी सुचारू रूप से चल रही थी जिसमें अधिवक्तागण भाग ले रहे थे।

युवा अधिवक्ताओं और महिला मतदाताओं ने बहुत उत्साहित होकर मतदान किया, मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी जिससे अधिवक्ताओ को मतदान में काफी सहुलियत हुआ कल दोपहर से मतगणना शुरू किया जाएगा अधिकांश प्रत्याशी अपने अपने जीत का दावा कर रहे हैं जिनका भाग्य मतपेटी में बंद हो गया है, कल आएंगे फैसला।

# संपादकीय

## युद्ध और आम नागरिक

एक तरफ जहां पश्चिम एशिया में ईरान-इजराइल व अमेरिका युद्ध को लेकर भयंकर हाहाकार मचा हुआ है और पूरी दुनिया भीषण आर्थिक झंझावतों से जूझने के कगार पर पहुंच गई है तो भारत में संसद का सत्र चालू है जिसमें इस मामले को लेकर विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर बयान दे चुके हैं कि भारत कभी भी युद्ध के पक्ष में नहीं रहा है और वह हर मामले का शान्तिपूर्ण हल चाहता है परन्तु युद्ध की विभीषिका इतनी प्रबल होती है कि चाहे-अनचाहे वह दुनिया के विभिन्न शान्ति प्रिय देशों को भी अपनी चपेट मे लेने की क्षमता रखती है। अतः भारत में पश्चिम एशिया के युद्ध के जो विपरीत प्रभाव पड़ रहे हैं उसे हम सब देख रहे हैं। इस मामले में अभी तक सबसे बड़ा बुरा असर ईंधन गैस की सप्लाई पर पड़ा है और पूरे देश में इसकी किल्लत महसूस की जाने लगी है परन्तु इसके लिए सीधे सत्तारूढ़ सरकार को दोषी बता देना भी कदापि उचित नहीं है क्योंकि भारत 80 प्रतिशत से अधिक ईंधन गैस की आपूर्ति आयात द्वारा ही करता है।

पश्चिम एशिया का युद्ध अब ऐसे मोड़ पर पहुंच चुका है जहां युद्ध के सभी नियम धराशायी हो रहे हैं और ईरान व इजराइल तथा अमेरिका एक-दूसरे की ताकत को खत्म कर देने की कोशिश में सभी नैतिक मानदंडों को ताक पर रख रहे हैं जिसकी वजह से पूरे विश्व में पेट्रोलियम कच्चे तेल की सप्लाई रुक जाने के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। इस मामले में सबसे पहले यह समझना होगा कि यह लड़ाई पूरी तरह गैर संवैधानिक व नियम विरुद्ध है जो अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रम्प की जिद की वजह से शुरू हुई है। श्री ट्रम्प ने युद्ध शुरू करते हुए अपना लक्ष्य बताया था कि वह ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। इस क्रम में उन्होंने ईरान पर हमला करके उसके सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की हत्या तक कर दी परन्तु ईरान में वहां की राष्ट्रवादी जनता ने इसे अपनी संप्रभुता पर सीधा हमला माना और वह ईरान की सत्ता पर काबिज दूसरी पंक्ति के नेताओं के पीछे चलने लगी। इसके बाद ईरान ने इस युद्ध में अपनी पूरी सामरिक शक्ति व सामर्थ्य को झोंकते हुए पूरे खाड़ ?ी व पश्चिम एशियाई इलाकों के विभिन्न देशो में स्थापित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला करना शुरू किया और अपने नियन्त्रण में होर्मुज के जलडमरू मध्य के समुद्री मार्ग को एक हथियार बनाना शुरू किया जिससे पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का दुनिया के विभिन्न देशों को यातायात किया जाता है।

अब इस जलडमरू मध्य से ईरान केवल कुछ गिने-चुने देशों के जहाजों को छोड़ कर अन्य देशों के जहाजों को गुजरने नहीं दे रहा है और चेतावनी दे रहा है कि यदि ऐसा करने का प्रयास किन्हीं अन्य देशों ने किया तो उसके गंभीरतम परिणाम होंगे। युद्ध में जब ऐसा मुकाम आता है तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक व रणनीतिक समीकरण बदलने लगते हैं। अतः हम आज जो कुछ भी होर्मुज जलडमरू मध्य में देख रहे हैं वह केवल युद्ध के दुष्परिणाम ही हैं। जहां तक खाड़ी व अरब देशों का सवाल है तो वे भी इस युद्ध में अमेरिका के सहयोगी बने रहने का परिणाम भुगत रहे हैं। मगर इस युद्ध से केवल कच्चे तेल के भाव ही प्रभावित हों ऐसा नहीं है क्योंकि होर्मुज जलडमरू मध्य वाणिज्यिक पोतों का मुख्य मार्ग है जिसकी वजह से विभिन्न देशों मे अन्य सामान की सप्लाई भी प्रभावित होती है यही वजह है कि भारत में केवल ईंधन गैस की किल्लत होने से ही इसके महानगरों के होटलों व रेस्टोरेंटों के व्यापार में भारी गिरावट दर्ज हो रही है। इतना ही समुद्री व्यापारिक मार्गों के अवरुद्ध होने की वजह से अन्य वस्तुओं पर भी परोक्ष रूप से प्रभाव पड़ रहा है। अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि भारत इस संकट का मुकाबला किस प्रकार करे? जहां तक कच्चे तेल का सवाल है तो भारत ने रूस से इसका आयात बढ़ा दिया है और अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की आपूर्ति करने के लिए विश्व के दूसरे उत्पादक देशों के साथ अनुबन्ध करने शुरू कर दिये हैं।

# अंतरराष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

अमेरिका में 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रम्प ने 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने ''मेक अमेरिका ग्रेट अगेन'' - अमेरिका को पुनः महान बनायें - के नारे के साथ यह राष्ट्रपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ ही लागू भी कर दिया। उनका सोचना था कि उनके इस निर्णय से विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता। परंतु, ट्रम्प ने कुछ देशों (चीन, आदि) से विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 500 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी एवं अन्य देशों को भी लगातार इस प्रकार की धमकी देना प्रारम्भ कर दिया।

ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकर मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं।

ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया। दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है। जिस पर अमेरिका अपना कब्जा स्थापित करते हुए इसके उपयोग पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। साथ ही, डेनमार्क के नियंत्रण में एक द्वीप, ग्रीनलैंड पर अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रकार की धमकियां, मेक्सिको, क्यूबा, ईरान आदि देशों को भी दी गई हैं। ट्रम्प के उक्त प्रकार के निर्णयों के चलते अब तो

**ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया। दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है**




वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच आपसी सम्बंधो पर प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत भी अछूता नहीं रहा है एवं हाल ही के समय में भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में कुछ खटास आई है। अन्यथा, कुछ समय पूर्व तक भारत एवं अमेरिका एक दूसरे के रणनीतिक साझेदार माने जाते रहे हैं। विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार रहा है। भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के मामले में भी अमेरिका प्रथम स्थान पर हैं। श्री ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लागू किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के उपरांत भारत का विदेश व्यापार कुछ हद तक विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है। परंतु, भारत ने इस समस्या का हल निकालने की रणनीति पर तुरंत विचार करना प्रारम्भ किया एवं कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। ताकि, विशेष रूप अमेरिका को होने वाले वस्त्र एवं परिधान, जेम्स एवं ज्वेलरी, समुद्रीय पदार्थ, खिलौना उद्योग एवं चमड़ा उद्योग जैसे श्रम आधारित उद्योगों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को तुरंत ही रोका जा सके अथवा कम किया जा सके। अन्यथा, की स्थिति में भारत में बेरोजगारी की समस्या एक ज्वलंत समस्या के रूप खड़ी हो सकती थी। भारत ने उक्त उत्पादों के निर्यात हेतु रूस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के रूप में नए बाजार तलाशे एवं इन देशों को उक्त उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ किया। वर्ष 2025 में भारत ने विदेशी व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों पर गहन वाताओं और रणनीतिक अद्यतनों को अंतिम रूप देने का प्रयास किया है। वर्ष के अंत में, भारत ने यूनाइटेड किंगडम, ओमान एवं न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। इसके साथ ही, अफ्रीकी देशों एवं लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भी प्रारम्भिक वाताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि दर को बनाए रखने में सफलता मिली है।

सितम्बर एवं अक्टोबर 2025 माह में विशेष रूप से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तुओं के निर्यात पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ा था। 27 जनवरी 2026 को तो भारत ने यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर इतिहास ही बना डाला है। इस समझौते को ''मदर आफ ऑल डील्स'' की संज्ञा दी जा रही है। यह मुक्त व्यापार समझौता 18 वर्षों के उपरांत सम्भव हो सका है। अब तो कनाडा के राष्ट्रपति भी मार्च 2026 माह में भारत आने वाले हैं एवं कुछ क्षेत्रों में मुक्त व्यापार समझौते के अंतिम रूप दिए जाने की प्रबल सम्भावना है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों का विश्व के अन्य देशों को सकारात्मक संदेश गया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है। इससे, समझौता करने वाले देशों के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की सम्भावनाएं प्रबल हो रही हैं क्योंकि इन देशों में आर्थिक प्रगति के तेज होने के चलते इन देशों में खुशहाली आने की सम्भावनाएं बन रही हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण हाल ही के समय में बदला है एवं वे अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं। भारत एक युवा देश है एवं विभिन्न उत्पादों के लिए भारत एक विशाल बाजार के रूप में विश्व के सामने उपलब्ध है। विशेष रूप से इस धरा के दक्षिणी भाग के देश तो अब भारत के वैश्विक स्तर पर इन देशों का नेतृत्व करने के लिए श्रद्धा के भाव से उम्मीद भारी नजरों से देख रहे हैं।

उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत के सामने भी कुछ समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। जैसे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में डालर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत का लगातार गिरते जाना। एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत 92 रुपए के स्तर को भी पार कर गई है एवं वर्ष 2025 में भारतीय रुपए का लगभग 5 से 6 प्रतिशत के बीच अवमूल्यन हुआ है। दरअसल, यह समस्या, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी (शेयर) बाजार से लगातार अपने निवेश को निकालने के चलते खड़ी हुई है। इससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर जाने का सिलसिला बढ़ गया है। इस समस्या के हल हेतु भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। साथ ही, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात को भी गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भारत में अमेरिकी डॉलर के आने की मात्रा में वृद्धि हो। यदि भारत को इन प्रयासों में सफलता मिलती है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होगा।

ट्रम्प द्वारा हाल ही के समय में लिए गए निर्णयों के चलते वैश्विक स्तर पर प्रारम्भ हुई उथल पुथल को कम करने के लिए आज विश्व के कई देश भारत की ओर ही देख रहे हैं क्योंकि भारत अपने आप को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाकर इस तरह की समस्याओं का हल निकालने का प्रयास कर रहा है एवं इस कार्य में भारत को कुछ सफलता प्राप्त होती हुई भी दिखाई दे रही है। भारत के पास युवा शक्ति की बेजोड़ उपलब्धता है, विभिन्न क्षेत्रों में इनके कौशल को विकसित कर, भारत आज पूरे विश्व को श्रमबल उपलब्ध करा सकने की क्षमता रखता है और भारतीय सनातन संस्कृति को ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के भाव के साथ, पूरे विश्व में फैला सकता है ताकि विभिन्न देशों में हो रहे संघर्षों को कम अथवा समाप्त किया जा सके।

## युद्ध के बावजूद ईरान की हवा साफ, मगर शांति के बावजूद दिल्ली, मुंबई में एक्यूआई खतरनाक स्तर पर

पश्चिम एशिया इस समय युद्ध की आग में झुलस रहा है। लेबनान, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और इजराइल के कई इलाकों में मिसाइल हमले और बमबारी जारी हैं। कई शहरों के ऊपर तेल और धुएं के काले गुबार उठते दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि इन युद्ध प्रभावित इलाकों की हवा भारत के कई प्रमुख शहरों से कहीं ज्यादा साफ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के आंकड़े बताते हैं कि युद्ध क्षेत्र में भी हवा का स्तर दिल्ली और मुंबई जैसे भारतीय महानगरों से बेहतर बना हुआ है। 11 मार्च 2026 को भारतीय समयानुसार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता मंच एक्यूआई डाट इन के आंकड़ों के अनुसार तेहरान का एक्यूआई लगभग 33 दर्ज किया गया, जबकि उसी समय दिल्ली का एक्यूआई 63 था। दिन के दौरान भी स्थिति इसी तरह रही। दोपहर बारह बजे तेहरान का अधिकतम एक्यूआई 47 रहा, जो अच्छे स्तर में आता है। इसके विपरीत दिल्ली में सुबह आठ बजे एक्यूआई 323 तक पहुंच गया, जो अत्यंत खराब श्रेणी में आता है। यह स्थिति तब है जब तेहरान और आसपास के क्षेत्रों में तेल भंडार और ऊर्जा ढांचे पर हमलों के कारण धुएं और जहरीली गैसों की आशंका बनी हुई है। सोशल मीडिया पर आठ मार्च की रात तेहरान के ऊपर काले धुएं के घने बादल दिखने के दृश्य सामने आए थे। यहां तक कि कुछ इलाकों में काली वर्षा की भी खबरें आईं, जो तेल भंडार में लगी आग और रासायनिक धुएं का परिणाम मानी जा रही हैं। लोगों ने गले में जलन और आंखों में खुजली की शिकायत की, और प्रशासन ने नागरिकों को घर के भीतर रहने की सलाह दी। इसके बावजूद वास्तविक समय के आंकड़े बताते हैं कि तेहरान में एक्यूआई अधिकतर समय शून्य से पचास के बीच यानी स्वस्थ श्रेणी में बना रहा। यह तथ्य भारतीय शहरों की वायु गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है क्योंकि भारत के कई महानगरों में वायु प्रदूषण लगातार खराब, बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में प्रदूषण की समस्या मुख्य रूप से स्थानीय कारणों से पैदा होती है। सबसे बड़ा कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं है। तेजी से बढ़ती निजी गाड़ियों की संख्या नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों को बढ़ाती है। यही वजह है कि दिल्ली के साथ-साथ बेंगलुरु, हैदराबाद और लखनऊ जैसे शहर भी समय समय पर खराब हवा से जूझते रहते हैं। इसके अलावा निर्माण कार्य से उठने वाली धूल, उद्योगों और बिजली संयंत्रों से निकलने वाले धुएं तथा ईंट भट्ठों से उत्सर्जित गैसें भी प्रदूषण को बढ़ाती हैं। डीजल जनरेटर से निकलने वाला धुआं और सड़कों की धूल इस समस्या को और गंभीर बनाते हैं। ग्रामीण इलाकों में खाना पकाने के लिए लकड़ी, गोबर और जैव ईंधन जलाने से भी हवा में प्रदूषण बढ़ता है। उत्तर भारत में एक और महत्वपूर्ण कारण खेतों में पराली जलाना है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलने से धुआं बड़ी मात्रा में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक पहुंचता है और सर्दियों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब कर देता है। भौगोलिक स्थिति भी दिल्ली में प्रदूषण बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाती है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एक तरह के निचले बेसिन में स्थित है। इसके उत्तर में हिमालय, दक्षिण पश्चिम में अरावली पर्वतमाला और दक्षिण में प्रायद्वीपीय पठार हैं। इस कारण प्रदूषक तत्व यहां फंस जाते हैं और आसानी से बाहर नहीं निकल पाते। साथ ही उत्तर पश्चिम से बलूचिस्तान और थार मरुस्थल की ओर से आने वाली धूल भी प्रदूषण को बढ़ाती है। इसके विपरीत तेहरान, तेल अवीव, बेरूत और दुबई जैसे कई पश्चिम एशियाई शहर समुद्र के नजदीक स्थित हैं या ऐसे क्षेत्रों में हैं जहां हवाएं प्रदूषकों को तेजी से फैलाकर साफ कर देती हैं। समुद्र के किनारे होने के कारण हवा का प्रवाह बेहतर रहता है और प्रदूषण का जमाव कम होता है। वहीं मुंबई समुद्र किनारे होने के बावजूद प्रदूषण से जूझता है। विशेषज्ञों के अनुसार इसका मुख्य कारण स्थानीय स्रोत हैं, खासकर वाहनों की अत्यधिक संख्या। मुंबई में वाहनों का घनत्व कई शहरों की तुलना में कई गुना ज्यादा है, इसलिए यहां प्रदूषण का स्तर भी ऊंचा बना रहता है। इसके अलावा, युद्ध से होने वाला प्रदूषण भी एक अलग प्रकृति का होता है। बमबारी या आग लगने से भारी मात्रा में धुआं और जहरीली गैसें निकलती हैं, लेकिन यह प्रदूषण अक्सर अस्थायी होता है। जब आग बुझ जाती है या घटना समाप्त हो जाती है तो उस स्रोत से निकलने वाला प्रदूषण भी रुक जाता है। इसके विपरीत वाहनों, उद्योगों और निर्माण कार्य से निकलने वाला धुआं लगातार हवा में जाता रहता है, जिससे लंबे समय तक प्रदूषण बना रहता है। हम आपको यह भी बता दें कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हाल के दिनों में दिखाई दी गई स्मॉग को लेकर भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह ईरान में तेल रिफाइनरी पर हमलों से जुड़ी हो सकती है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्मॉग दरअसल पश्चिमी हवाओं के साथ आई मरुस्थलीय धूल का परिणाम है। हम आपको बता दें कि पांच से सात मार्च के बीच बलूचिस्तान और मध्य पाकिस्तान से चली तेज पश्चिमी हवाएं राजस्थान के थार मरुस्थल से होकर गुजरीं और बड़ी मात्रा में धूल को उत्तर पश्चिम भारत तक ले आईं।

# तेल संकट के बीच पीएम मोदी ने चीन को दिया ऐसा ऑफर, चौंक गए ट्रंप

भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए मोदी सरकार ने एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। सरकार ने चीन से आने वाले निवेश को लेकर कुछ शर्तों में ढील देने का फैसला किया है। यानी अब चीन की कंपनियों के लिए भारत में निवेश करना पहले से आसान हो सकता है। आपको बता दें सरकार का मानना है कि इससे देश में निवेश बढ़ेगा। रोजगार के नए अवसर बनेंगे और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी मजबूती मिलेगी। लेकिन इस फैसले को लेकर राजनीतिक और रणनीतिक बहस भी शुरू हो चुकी है। तो आखिर जानते हैं क्या है मोदी कैबिनेट का यह बड़ा फैसला। चीन को भारत में निवेश की अनुमति क्यों दी जा रही है? इससे भारत को फायदा होगा या खतरा।

क्या है मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। इसके तहत, अप्रैल 2020 में बनी प्रेस नोट 3 (PN3) की व्यवस्था में बदलाव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान के मुताबिक, इससे इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स और सोलर सेल की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।' कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, पॉलीसिलिकॉन और इंगट-वेफर जैसे चुनिंदा सेक्टरों और गतिविधियों में निवेश के प्रस्तावों पर 60 दिनों के भीतर निर्णय कर दिया जाएगा। दरअसल 2020 में लद्दाख के गलवान संघर्ष के बाद भारत ने चीन सहित पड़ोसी देशों से आने वाले निवेश पर कड़ी निगरानी और सख्त मंजूरी की शर्तें लागू कर दी थी। उस समय सरकार का मकसद था कि भारत की कंपनियों पर किसी तरह का विदेशी नियंत्रण ना हो सके। लेकिन अब सरकार का मानना है कि अगर निवेश नियंत्रित और सुरक्षित तरीके से आता है तो इससे भारतीय उपभोग को फायदा हो सकता है। क्या है अहम बदलाव? सरकार ने तय किया है कि इन देशों से कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, पॉलीसिलिकॉन और इंगट-वेफर जैसे चुनिंदा सेक्टरों और गतिविधियों में निवेश के प्रस्तावों पर 60 दिनों के भीतर निर्णय कर दिया जाएगा। सेक्टरों की लिस्ट में बाद में बदलाव भी किया जा सकता है। कहा गया कि निवेश करने वाली इकाई पर नियंत्रण और उसमें बहुमत हिस्सेदारी रेजिडेंट इंडियन सिटिजन या ऐसी रेजिडेंट इंडियन यूनिट के पास होनी चाहिए, जिस पर हर समय भारतीय नागरिक का नियंत्रण हो। इसके अलावा, 10 प्रतिशत तक के "गैर-नियंत्रणकारी एलबीसी लाभकारी स्वामित्व" वाले निवेशकों को स्वतः ही मंजूरी दे दी जाएगी। आमतौर पर 49% तक के इक्विटी स्वामित्व को "गैर-नियंत्रणकारी" माना जाता है, जबकि लाभकारी स्वामी किसी संस्था का स्वामी और नियंत्रक होता है। राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, पीएन3 प्रतिबंध में ढील देने का राजनीतिक निर्णय आर्थिक

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। इसके तहत, अप्रैल 2020 में बनी प्रेस नोट 3 (PN3) की व्यवस्था में बदलाव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान के मुताबिक, इससे इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स और सोलर सेल की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा**




सर्वेक्षण 2023-24 के बाद लिया गया, जिसमें भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के लिए चीनी कंपनियों से निवेश आकर्षित करने की प्रबल वकालत की गई थी। नीति आयोग के सदस्य राजीव गाबा की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने भी विनिर्माण क्षेत्र के हित में चीनी निवेश पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की सिफारिश की थी।

क्या है बेनेफिशियल ओनरशिप? बेनेफिशियल ओनरशिप की परिभाषा में भी बदलाव किया गया है। बेनेफिशियल ओनरशिप निवेश करने वाली इकाई के स्तर पर देखी जाएगी। जिन कंपनियों में इन देशों के निवेशकों की बेनेफिशियल ओनरशिप 10% तक होगी, उनके एफडीआई प्रस्ताव ऑटोमैटिक रूट से मंजूर किए जाएंगे। अभी तक किसी कंपनी में इन देशों का एक भी शेयरधारक होने पर एफडीआई के लिए भारत सरकार के शीर्ष स्तर से मंजूरी की जरूरत होती थी। हालांकि है इस छूट के बावजूद विभिन्न सेक्टरों में एफडीआई की जो सीमा तय की गई है, वह लागू होगी। भारत ने एफडीआई के मामले में 17 अप्रैल 2020 को प्रेस नोट 3 की व्यवस्था बनाई थी। इसके तहत जिन देशों से भारत की थल सीमा जुड़ती है, अगर वहां के शेयरहोल्डर किसी कंपनी में हों, तो ऐसी कंपनी को भारत के किसी भी सेक्टर में निवेश के लिए सरकार से मंजूरी लेने की बात तय की गई थी। कोविड के दौरान कंपनियों का वैल्यूएशन काफी घट जाने के बीच उनमें निवेश के जरिए उनका स्वामित्व विदेशी हाथों में न चला जाए, इसे रोकने के लिए यह कदम उठाया गया था। हालांकि उसी साल जून में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के रक्तरंजित संघर्ष के बाद कड़ाई और बढ़ा दी गई। सरकारी बयान में कहा गया पॉलिसी में बदलाव का उद्देश्य स्टार्टअप्स और डीप टेक्नालॅजी स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल फंड्स से ज्यादा एफडीआई लाना और कारोबारी सहूलियत बढ़ाना है। दरअसल भारत तेजी से मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की कोशिश कर रहा है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो पार्ट्स और टेक्नोलॉजी सेक्टर में भारी निवेश की जरूरत है। ऐसे में चीन की कई बड़ी कंपनियां भारत में फैक्ट्री लगाने और निवेश करने की इच्छुक बताई जा रही है। तो इसलिए सरकार का मानना है कि अगर सही नियमों और सुरक्षा जांच के साथ निवेश की अनुमति दी जाए तो इससे भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ा फायदा मिल सकता है। हालांकि इस फैसले को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के साथ रणनीतिक और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं सरकार का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सेक्टर में किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। सिर्फ उन क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा जहां भारत को तकनीक और पूंजी की जरूरत है। अगर यह नीति लागू होती है तो भारत में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आ सकता है। इससे नई फैक्ट्रियां लगेंगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत वैश्विक सप्लाई चेन में और मजबूत हो सकता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत आर्थिक फायदे और रणनीति सुरक्षा के बीच संतुलन बना पाएगा? चीन के निवेश को लेकर मोदी सरकार का यह कदम आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों पर असर डाल सकता है। बहरहाल, मोदी सरकार का चीनी निवेश नियमों (पीएन3) में ढील देने का फैसला एक व्यावहारिक लेकिन चुनौतीपूर्ण कदम है। भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने और रोजगार बढ़ाने के लिए विदेशी पूंजी और तकनीक की सख्त जरूरत है।

लेकिन, दूसरी ओर चीन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हमारा मानना है कि यह फैसला सरकार की आर्थिक कूटनीति का एक बड़ा परीक्षण है। अगर 'नियंत्रित निवेश' और 'सुरक्षा' के बीच यह मुश्किल संतुलन साध लिया जाता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा। हालांकि, इसकी असली सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि जमीनी स्तर पर इन सुरक्षा मानकों और शर्तों को कितनी कड़ाई और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है।

# सवालों के घेरे में नीतीश कुमार की विदाई

दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है, सवाल भी उतने ही उठ रहे हैं। बीस साल से कुछ ज्यादा वक्त से लगातार बिहार की सत्ता में बने रहे नीतीश का सियासी स्वभाव ही सवालों और आश्चर्य की वजह बना है। नीतीश ने जब से सत्ता संभाली है, उन्होंने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं। बीच में जीतन राम मांझी को नौ महीने के लिए सत्ता सौंपकर संन्यासी और बीतरागी जैसा दिखने की कोशिश उन्होंने जरूर की, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था। सत्ता का असल सूत्र उनके ही हाथ था। जब लगा कि मांझी उस सूत्र को काट कर स्वाधीन पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उस धागे को काट सत्ता खुद थाम ली थी। नीतीश सत्ता को इतनी आसानी से छोड़ देंगे, इस पर आसानी से भरोसा ना करने की वजह उनका अतीत रहा है। कभी जीन विवाद तो कभी किसी दूसरी वजह से उन्होंने अपनी पुरानी सहयोगी बीजेपी को छोड़ उस लालू का हाथ दो-दो बार थाम लिया, जिनके विरोध की बुनियाद पर ही उनकी राजनीति परवान चढ़ी। फिर जब उन्हें लगा कि लालू का साथ उनकी सियासी नैया को डुबो देगा तो फिर बीजेपी की ओर लौटने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई। यह सियासी आवाजाही हर हाल में सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की उनकी चाहत का ही प्रतीक लगती है। इसी वजह से उनकी विदाई को सहजता से स्वीकार करना कठिन हो रहा है। राजनीति का एक चरित्र है। अपने कदमों को लिए वह जिन कारणों को गिनाती है, हकीकत में वे कारण होते ही नहीं। नीतीश ने भी कहा है कि वे चाहते थे कि संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य बनें। विधानमंडल और लोकसभा के वे सदस्य रह लिए हैं, लेकिन राज्य सभा के वे सदस्य कभी रहे नहीं। इसलिए



वे बिहार की राजनीति छोड़ राज्यसभा का सदस्य बनने जा रहे हैं। हो सकता है कि नीतीश की यह चाहत रही हो, लेकिन उनके बिहार को छोड़ने के पीछे का यह सच अधूरा है। विगत दो साल में नीतीश कुमार की जुबान कई बार फिसली है। उनकी हरकतें भी कई बार हास्यास्पद रही हैं। नीतीश की छवि ऐसे गंभीर शख्सियत की रही है, जो नाप-तोलकर बोलता है। इसी छवि ने गाहे-बगाहे फिसलती रही जुबान और उल-जलूल हरकतों के बावजूद उनके प्रति लोगों का सम्मान कम नहीं होने दिया है। इसी छवि के चलते विगत के बिहार चुनाव में एनडीए को भारी जीत भी मिली। लेकिन इसके साथ ही यह भी मान लिया गया कि इन चुनावों के बाद नीतीश की विदाई भी हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि बीजेपी और जनता दल यू ने तय किया हो कि चुनाव बाद नीतीश हट जाएंगे या हटा दिए जाएंगे। लेकिन जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा। नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं। बेशक राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन, संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी, नीतीश के बेहद करीब हैं। लेकिन इन चारों की समूचे जनता दल यू में स्वीकार्यता नहीं है। जदयू को एक नीतीश रख सकते हैं या उनके बेटे निशांत। जदयू को एक रखने के लिए निशांत का राजनीति में आना जरूरी है। राजनीति में उनके प्रवेश की अटकलें करीब दो वर्षों से लगाई जा रही हैं। नीतीश की छवि परिवारवाद विरोधी नेता की भी है। बिहार की राजनीति के केंद्र में उन्हें लाने के पीछे लालू के परिवारवाद पर उनका तीखा हमला भी रहा है। ऐसे में नीतीश के बाद सीधे निशांत की ताजपोशी उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकती थी, लिहाजा निशांत को उत्तराधिकार सौंपने के लिए ऐसी राह चुनी गई है, जिससे नीतीश को कम से कम नुकसान हो। इसलिए वे दिल्ली में राज्यसभा की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं, जबकि नीतीश बिहार की सत्ता में नंबर दो की पोजिशन संभालने जा रहे हैं। इस कदम से निशांत को सीधे बिहार की सत्ता मिल भी नहीं रही और जदयू पर पकड़ के लिए मजबूत रस्सी भी थमाई जा रही है। बिहार इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जीविका दीदियों के खाते में अब तक 18 हजार एक सौ करोड़ दिए जा चुके हैं। दो साल में करीब दो लाख कर्मचारियों की भर्ती के बाद राज्य का वेतन खर्च 70 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुका है।

# संक्षिप्त खबरें

## स्नान के दौरान एक ही परिवार की चार लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं

संवाददाता

**बाढ़** के उमानाथ गंगा घाट पर शुक्रवार को स्नान के दौरान एक ही परिवार की चार लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से तीन लड़कियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक लड़की अभी भी लापता है। मिली जानकारी के अनुसार नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र से एक परिवार अपने दादा के श्राद्ध कर्म के शुद्धिकरण के लिए उमानाथ गंगा घाट पर स्नान करने आया था। परिजनों के मुताबिक परिवार के कुछ लोग दियारा की ओर गंगा स्नान करने गए थे, जबकि बाकी लोग घाट पर ही स्नान कर रहे थे। इसी दौरान स्नान के समय चार लड़कियां अचानक गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी में कूदकर तीन लड़कियों को बचा लिया, लेकिन एक लड़की का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। लापता लड़की की तलाश के लिए स्थानीय नाविकों और गोताखोरों को बुलाया जा रहा है और गंगा में खोजबीन जारी है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

संवाददाता

**बाढ़** अनुमंडल के बेलछी थाना क्षेत्र के एकडंगा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम नारायण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नारायण कुमार अपनी दादी के साथ गांव में निकल रहे यज्ञ के झंडा जुलूस को देखने गया था। इसी दौरान वह दादी का हाथ छुड़ाकर सड़क की ओर आगे बढ़ गया। तभी विपरीत दिशा से आ रहा तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर उसे कुचलते हुए निकल गया। घटना में मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सीएम नीतीश की समृद्धि यात्रा स्वर्णिम बिहार के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी : उमेश सिंह कुशवाहा

संवाददाता

**पटना।** बिहार जद(यू) के मा. प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि मा. मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की ऐतिहासिक समृद्धि यात्रा विकास के विजन को धरातल पर उतारने के साथ-साथ स्वर्णिम बिहार के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। मा. मुख्यमंत्री द्वारा जिलावार जनता के बीच जाकर उनकी आवश्यकताओं से अवगत होना और उनकी समस्याओं से सीधे रूबरू होना जनसेवा आधारित संवेदनशील राजनीति का सशक्त एवं उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री प्रत्येक जिले में जाकर विकास योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं तथा उनकी अद्यतन स्थिति का जायजा ले रहे हैं। साथ ही वे सभी जिलों को नई-नई विकास सौगातें भी दे रहे हैं। यह दशार्ता है कि वे बिहार को देश के टॉप-10 विकसित राज्यों में शामिल करने की दिशा में किस समर्पण, निष्ठा और तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं। श्री कुशवाहा ने बताया कि वर्ष 2005 में श्री नीतीश कुमार ने पहली बार ह्यन्याय यात्राह्न के माध्यम से जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं को नजदीक से समझने का कार्य किया था। वर्ष 2005 से 2026 के बीच वे अब तक 15 राज्यव्यापी यात्राएँ कर चुके हैं और समृद्धि यात्रा के रूप में उनकी 16वीं यात्रा जारी है। यात्राओं की यह लंबी फेहरिस्त उनके जनकेंद्रित राजनीतिक दृष्टिकोण की स्पष्ट गवाही देती है। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में बिहार का हित हमेशा सर्वोपरि रहा है।

यही कारण है कि देश-दुनिया उन्हें विकास पुरुष, सुशासन बाबू और नव बिहार के शिल्पकार जैसे विशेषणों से संबोधित करती रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की राजनीति में संभवतः यह एक अनोखा उदाहरण है कि कोई मुख्यमंत्री 16 बार सफल राज्यव्यापी यात्राएँ कर चुके हों। यही वजह है कि मा. मुख्यमंत्री की विकास योजनाओं का लाभ बिहार के सुदूर गाँवों और समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँच रहा है। इससे आम लोगों का जीवन अधिक सुविधापूर्ण हुआ है और सूबे के विकास को नई दिशा और गति मिली है।

## एक दिवसीय विशेष रोजगार मेले में कुल 131 युवा चयनित

संवाददाता

**पटना:** युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें कौशल विकास से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष रोजगार मेला का आयोजन किया गया। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय की तरफ से शुक्रवार को शहर के दीघा स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय इस रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। इस रोजगार शिविर में पटना जिला से विभिन्न नियोजकों के स्तर से कुल 405 युवाओं से बायोडाटा प्राप्त किया गया, जिसमें कुल 131 अभ्यर्थियों को प्रथम स्तर पर चयनित कर लिया गया है।

इस रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार के अवसर के अतिरिक्त विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। यहां एनसीएस (राष्ट्रीय करियर सेवा) पोर्टल पर निबंधन, टूल किट एवं स्टडी किट से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। मेले में भाग लेने वाले युवाओं के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई थी, ताकि रोजगार की तलाश कर रहे अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ प्राप्त हो सके। एक दिवसीय रोजगार इस शिविर का आयोजन शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक किया गया। इस मेले का विधिवत उद्घाटन अवर प्रादेशिक नियोजनालय की उप निदेशक श्रीमती अमृता कुमारी, सहायक निदेशक अंकित राज, नियोजन पदाधिकारी अनिश तिवारी एवं आईटीआई, दीघा के उप प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। रोजगार मेले में आधा दर्जन निजी क्षेत्र के नियोजकों ने भाग लिया। जिसमें पटना के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

जिन प्रतिष्ठित नियोजकों ने इस मेले में भाग लिया, उनमें स्टार बक, फ्लिपकार्ट, मदरसन सुमी प्राइवेट लिमिटेड सहित कई अन्य राज्यस्तरीय कंपनियां शामिल थी। इन कंपनियों ने उत्पादन, लॉजिस्टिक्स, सेल्स, मैन्युफैक्चरिंग एवं अन्य तकनीकी व गैर-तकनीकी क्षेत्रों के लिए युवाओं का चयन किया है। युवाओं के चयन के लिए कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू की भी व्यवस्था की गई थी।

## मारपीट मामले का दो प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता

**रजौली।** मारपीट मामले का दो प्राथमिकी अभियुक्त को रजौली पुलिस ने रजौली थाना क्षेत्र के दत्तीटील्हा गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि होली के समय दत्तीटील्हा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों के द्वारा रजौली थाने को आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर 137/26 प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस: डीआरएम ने दानापुर मंडल के 67 महिला रेल कर्मचारियों को

▶ रेल सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित ▶ मंडल की सभी विभागों की महिला कर्मचारियों ने अपने उत्कृष्ट योगदान से मंडल का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है : विनोद कुमार (डीआरएम) ▶ नारी शक्ति, राष्ट्र की शक्ति बन कर कीर्तिमान स्थापित कर रही है : निशी देव (अध्यक्ष महिला कल्याण संगठन)

संवाददाता

**पटना:** दानापुर रेल मंडल के मुख्यालय स्थित, रेलवे अधिकारी क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, मंडल अंतर्गत रेल सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने वाली कुल 67 महिला रेलकर्मियों को, मंडल के डीआरएम विनोद कुमार ने अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया है 'इस में से 42 महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए, 09 महिला कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध, वाव एवं क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत और साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर पूर्व में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में और अन्य विभिन्न श्रेणियां में 16 महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इससे पूर्व इस कार्यक्रम का उद्घाटन डीआरएम श्री विनोद कुमार एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती निशी देव के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डीआरएम श्री विनोदकुमार ने सब से पहले दानापुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्य करने वाली 956 महिला कर्मचरियों के साथ साथ, पुरस्कार पाने बाली महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, उनके उत्कृष्ट योगदान की प्रसंशा किए 'उन्होंने





कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट योगदान से मंडल का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है' विशिष्ट अतिथि, दानापुर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती निशी देव ने विभिन्न क्षेत्रों में काम करने बाली महिला कर्मियों को शुभकामना देते हुये रेल सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि महिलाएं अब हरेक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही हैं । उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं अंतरिक्ष, विज्ञान आदि समेत तीनों सेनाओं के साथ मिलकर अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित कर रही है ' उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है '

मंडल के वरीय कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में, महिला शक्ति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, तुम्हीं धूप हो और तुम्हीं छावं भी हो ' पुरस्कार वितरण से पूर्व समारोह में मंडल सांस्कृतिक के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ' इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) श्री राजीव कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारीगण एवं महिला कल्याण संगठन की सम्मानित सदस्याएं एवं रेलवे यूनियन के नगीना पासवान समेत बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# संजय बने आजाद समाज पार्टी (कां) के प्रधान महासचिव



संवाददाता

**पटना:** लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार रजक को बिहार प्रदेश आजाद समाज पार्टी (कां) का प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी आज अपने आवास पर पत्रकारों से बात-चीत के दौरान संजय कुमार रजक द्वारा दी गई तथा पार्टी द्वारा जारी इस आशय के पत्र की प्रति भी साझा की गई।

अपनी नियुक्ति के लिए श्री रजक ने पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ० जौहर आजाद के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों तथा दलित-वंचित समाज की हर उम्मीद पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई पूरे दम-खम के साथ जारी रखूँगा तथा संविधान और डॉ. आंबेडकर जी के विचार एवं माननीय कांशी राम जी की बहुजन राजनीति के सिद्धांतों को अक्षरशः आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा।

शीघ्र ही प्रदेश में आजाद समाज पार्टी (कां) की मुख्य विचारधारा बहुजन सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, संविधानवाद और जातिगत भेदभाव को लेकर जारी लड़ाई अब और रफ्तार पकड़ेगी। मैं प्रदेश के समस्त दलित एवं वंचित समुदाय से अपील करता हूँ कि वे पूरी ताकत से आजाद समाज पार्टी (कां) का हाथ मजबूत करें ताकि "बहुजन" यानी समाज के बहुसंख्यक वंचित वर्गों की राजनीतिक शक्ति में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## धुसहा में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम, 50 हजार नगद सहित हजारों का जेवरात लेकर चोर हुआ चंपत

संवाददाता

**भगवानपुर/ बेगूसराय:** विगत रात्रि भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत अंतर्गत धुसहा गांव स्थित वार्ड संख्या 6 में भीषण चोरी की घटना को चोरों ने दिया अंजाम, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। उक्त गांव निवासी सह वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य रंजीत साह पिता स्वर्गीय राम कैलाश साह ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी पिंकी देवी व दो पुत्र 16 वर्षीय अंशु कुमार तथा 13 वर्षीय छोटू कुमार के साथ घर के नीचले तल्ले में सोये हुए थे। सुबह जब सो कर उठा तब पता चला कि ऊपर वाले तल्ले पर अवस्थित कमरे का ताला खुला हुआ है तथा घर में समान बिखरे हुए हैं। अज्ञात चोर बक्सा का ताला खोलकर उसमें रखे 50 हजार रुपए नगद व सोने व चांदी के जेवरात लेकर चंमपत हो गया था।इस घटना से स्वजन को गहरा आघात लगा तथा वे इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित स्वजनों से घटना के संबंध में पुछताछ की तथा पीड़ित स्वजन के फर्द बयान पर कार्रवाई करते हुए स्वान दस्ता से जांच कर चोरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि स्वान दस्ता व एफएसएल की टीम के द्वारा जांच की गई है। बहुत जल्द ही चोरी का समान बरामद कर लिए जाएंगे तथा चोर भी पुलिस पकड़ में होगी, वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया रजनीश कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर उनका दुःख बांटने का प्रयास किया।

मुखिया श्री सिंह ने बताया कि जोकिया पंचायत में इससे पूर्व भी कई बार चोरी घटनाएं हुई है, जिससे पंचायत वासी दहशत में रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## ख्वाजा गरीब नवाज ग्रुप ऑफ कॉलेज की ओर से अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लहेरियासराय परिसर में शानदार दावत ए इफ्तार का हुआ आयोजन



संवाददाता

**दरभंगा।** ख्वाजा गरीब नवाज ग्रुप ऑफ कॉलेज की ओर से अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एकमी, गीदरगंज, लहेरियासराय परिसर में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें समाज के सभी वर्ग सभी समुदाय के रोजेदारों को आमंत्रित किया गया। यह दावत ए इफ्तार का आयोजन निदेशक, डॉ. तकवीम अख्तर ने अपना बहुमुल्य समय देकर इसे शानदार रूप से आयोजित किया गया। इस दावत ए इफ्तार में शहर के गण्यमान्य लोगों में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, मो. अली अशरफ फातमी, पूर्व विधायक, दरभंगा ग्रामीण ललित यादव, लोजपा महासचिव शहनवाज अहमद कैफी, जदयू महासचिव कमरें आजम कमर, बिहार/ अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सफदर इमाम साहब (प्रदेश अध्यक्ष डा. राम प्रवेश पासवान, खगड़िया से अफजल सुलेमान डॉ अरमान, सहित हजारों लोगो ने दावत ए इफ्तार में भाग लिया। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, मो अली अशरफ फातमी ने कहा तकबीम अख्तर के द्वारा शानदार दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। कोई भी पर्व हो हमें सिर्फ मोहब्बत और एक दूसरे से भाईचारे के साथ रहने का पैगाम देता है।

तकबीम अख्तर ने कहा इस दावत ए इफ्तार में आने के लिए मै सभी मेहमानों का अपने और अपने संस्थान की ओर से शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा पर्व त्योहार भाईचारे की पहचान है और दावत ए इफ्तार में हम सभी लोग एक साथ मिलजुल कर एक साथ बैठक इफ्तार किया। इस मौके पर शहर के के गन्यमान्य एवं आसपास के लोगो ने पहुंचकर इस दावत ए इफ्तार में भाग लिया।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून और जागरूकता जरूरी, पीड़ित बच्चों को न्याय और संरक्षण देना सरकार की प्राथमिकता : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने राज्यसभा में "लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2024" पर चर्चा के दौरान कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य से जुड़ा गंभीर दायित्व है। किसी बच्चे के साथ होने वाला लैंगिक अपराध केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा पर आघात होता है। इसलिए बच्चों की सुरक्षा को लेकर उठाए जाने वाले हर कदम का स्वागत किया जाना चाहिए। डॉ. गुप्ता ने कहा निजी सदस्य के इस विधेयक में जिन सुधारों की बात कही गई है, उनमें से कई पहल केंद्र सरकार पहले ही लागू कर चुकी है। उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्चों को आर्थिक सहायता और पुनर्वास उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने पीड़ित प्रतिकर योजना को मजबूत किया है और निर्भया फंड के माध्यम से राज्यों को सहायता दी जा रही है। बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए स्कूलों में जागरूकता अभियान, "गुड टच-बैड टच" कार्यक्रम, पुलिस और न्यायिक अधिकारियों के लिए संवेदनशीलता प्रशिक्षण तथा डिजिटल माध्यमों से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा मोदी सरकार ने वर्ष 2019 में कानून में संशोधन कर बच्चों के साथ जघन्य अपराध करने वालों के लिए कठोर दंड का प्रावधान किया है। साथ ही फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना कर मामलों के त्वरित निपटारे की व्यवस्था की गई है, ताकि पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके। डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा POCSO नियम, 2020 लागू




कर पूरी न्यायिक प्रक्रिया को बाल-हितैषी बनाया गया है, जिसमें बच्चों की गोपनीयता और मनोवैज्ञानिक सहायता का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा बच्चों की सुरक्षा के लिए तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है। साइबर मॉनिटरिंग और हेल्पलाइन 1098 को मजबूत कर त्वरित सहायता सुनिश्चित की गई है। ऐसे संवेदनशील विषयों पर सभी दलों को राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है और हर बच्चे को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत से घर पर मातम

▶ भतीजा का दाह संस्कार में भाग लेकर वापस घर लौटने के क्रम में वाहन पलटने से हुआ हादसा ▶ तीन घायलों का ईलाज मगध मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है

संवाददाता

**गयाजी वजीरगंज:** थाना क्षेत्र के गया राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 पर गुरुवार की देर रात एक ऑटो पिपरा गांव के निकट अनियंत्रित होकर पलट जाने से टेम्पो पर सवार डोमिनि देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में बिसीआईत निवासी 50 वर्षीय प्रकाश महतो, बड़ही बिगहा निवासी 45 वर्षीय मोहिनी देवी एवं दौलती देवी को सीएचसी वजीरगंज में ईलाज के बाद मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर किया गया है. जबकि बेबी कुमारी और रेखा देवी सामान्य रूप से घायल होने के कारण चिकित्सक द्वारा प्राथमिक चिकित्सा कर घर भेज दिया गया है.

प्रमुख पति सह समाजसेवी अर्जुन प्रसाद ने बताया कि सभी यात्री टेम्पो पर सवार होकर नरहट थाना क्षेत्र के बनियाडीह गांव गए थे, जहां डोमनी देवी के भतीजा की हत्या की घटना सुनकर दाह संस्कार में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे. तभी वापस घर लौटने के क्रम में पिपरा गांव के निकट टेम्पो के अनियंत्रित होने पर चालक भाग निकले एवं टेम्पो पलट गई.

उन्होंने बताया कि डोमनी देवी के एक पुत्र प्रवीण कुमार एवं एक पुत्री है. पुत्री की शादी होने के बाद ससुराल में है. जबकि पुत्र का गत वर्ष ही शादी हुई है. प्रवीण के पिता कई वर्षों से मुम्बई में ही बस गए है. मां के सहारे ही घर चल रहा था. प्रवीण की मां डोमनी देवी की अचानक मौत होने से अब घर में केवल प्रवीण एवं उनकी पत्नी ही रह गए है. इस घटना के बाद प्रवीण के घर पर मातम में बिच लोग सांत्वना देते दिखे. इधर डोमनी देवी के मौत की पुष्टि होने के बाद टेम्पो की वजीरगंज पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है. तथा डोमनी देवी के शव को शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम करवाने हेतू अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज गया भेजा गया. जहां शव का पोस्टमार्डम होने के बाद देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया.

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

संवाददाता

**गयाजी डुमरिया:** भदवर थाना कि पुलिस ने अवैध बालू खनन को लेकर कारवाई करते हुए थाना क्षेत्र से अवैध बालू लोड कर रहा एक ट्रैक्टर को जब्त की है, हालांकि पुलिस की कारवाई की भनक लगते ही ट्रैक्टर चालक अंधेरा का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया.भदवर थाना को गुप्त सूचना मिली की नवादा गांव के समीप नागरवा नदी से लगातार अवैध तरीके से बालू का खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से उठाव किया जा रहा है.सूचना के आलोक में भदवर थाना कि पुलिस ने कारवाई को लेकर मौके पर पहुंची. पुलिस टीम को देखते ही ट्रैक्टर चालक अंधेरा का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया.जबकि थाना कि पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले आई है. इस संदर्भ में भदवर थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध बालू का खनन एवं अन्य गैरकानूनी कार्य बर्दास्त नही की जायेगी.उन्होने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के आधार पर मालिक व चालक की पहचान की जा रही है. जांच पूरी के बाद संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कारवाई की जायेगी.

## दर्जी की गोली लगने से हुई मौत में अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

सेहरी के वक्त चली थी गोली, मृतक शफीउल्लाह अंसारी के पिता ने अज्ञात अपराधी के विरूद्ध स्थानीय थाना में लिखित दिया था आवेदन

संवाददाता

**गयाजी डुमरिया:** डुमरिया थाना क्षेत्र के मंझौली पंचायत अंतर्गत सलैया गांव में मंगलवार की अहले सुबह सेहरी के वक्त शफीउल्लाह नामक दर्जी की गोली मारकर की गयी हत्या में स्थानीय थाना में अज्ञात अपराधी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है. मृतक के पिता बदरू जमां अंसारी के आवेदन पर डुमरिया थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज की गयी है.

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि उनके पुत्र शफीउल्लाह अंसारी को अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार की अहले सुबह गोली मारकर हत्या कर दी. हत्या के बाद पुलिस लगातार हर बिंदु पर जांच शुरू कर दी है. वैसे घटना के लगभग 36 घंटा से ज्यादा समय बीतने के बाद अभी तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है. अभी तक हत्या करने वाले अपराधी की पहचान नहीं हो सकी, नहीं हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद की गयी है. मृतक शफीउल्लाह के एक भाई बिहार पुलिस विभाग में दारोगा के पद पर दरभंगा जिला में कार्यरत हैं. इस संबंध में डुमरिया थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि मृतक के पिता बदरू जमा अंसारी के आवेदन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है. उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक नमूने संग्रहित किये हैं और पुलिस भी मामले की गहन जांच में जुटी हुई है. थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि मामला पूरी तरह हत्या है या इसमें कोई अन्य पहलू भी सामने आता है. फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है.

## एलपीजी से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में नियंत्रण कक्ष स्थापित

संवाददाता

**पटना:** राज्य में तेल एवं प्राकृतिक गैस से संबंधित उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर आमजन को होने वाली कठिनाइयों के त्वरित निदान के उद्देश्य से खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। इस अवधि के दौरान राज्य के उपभोक्ता एलपीजी की उपलब्धता, वितरण अथवा उससे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के संबंध में विभागीय नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। आमजन अपनी समस्याओं एवं कठिनाइयों से नियंत्रण कक्ष को दूरभाष संख्या- 0612-2233050 पर अवगत करा सकते हैं, ताकि विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि एलपीजी से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में अनावश्यक भ्रमित होने के बजाय विभाग द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें.

# साहब जीवित को मृत करने के कारण नहीं मिल रहा है पेंशन

संवाददाता

**मुंगेर।** शुक्रवार को जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत समाहरणालय संवाद कक्ष में हुई जनसुनवाई में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर के समक्ष 25 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिलाधिकारी ने जन सुनवाई में आए सभी लोगों के आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन की जांच कर उस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

अग्रहण हवेली खड़गपुर निवासी हरि बिंद ने कहा कि संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव एवं विकास मित्र की लापरवाही से मेरे पेंशन का गलत तरीके से ई-केवाईसी कर दिए जाने के कारण जीवित पेंशनधारी को मृत कर दिया गया है, जिससे चार माह से उन्हें न तो पेंशन मिल पा रहा है और कार्यालयों का चक्कर लगाने के बावजूद भी उनका पेंशन का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को इस मामले की गहनता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निदेश दिए। जमालपुर टेढ़ी बाजार निवासी चंदा देवी ने अपने बच्चों की शिक्षा में प्रशासनिक सहयोग की अपील की।

उन्होंने कहा कि विगत नवम्बर 2025 में उनके पति की मृत्यु के पश्चात उनके परिवार का भरण पोषण मुश्किल से हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में उनके बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिए उन्होंने मदद की गुहार लगाई।

## संक्षिप्त खबरें

### मिथिला पेंटिंग कला में नया मुकाम हासिल किया

संवाददाता

**बेगूसराय:** बेगूसराय की बेटी मोनी कुमारी ने एक बार फिर जिले का नाम रौशन किया है। अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर उन्होंने पारंपरिक मिथिला पेंटिंग की कला में नया मुकाम हासिल किया है। आपको बताते चले कि बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के चौकी गांव की बेटी मोनी कुमारी अब मिथिला पेंटिंग की दुनिया में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्हें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के उद्घाटन समारोह में लाइव मिथिला कैनवास पेंटिंग सेगमेंट में भाग लेने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेस में आयोजित किया गया था, जहां देशभर से सैकड़ों कलाकार और प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मोनी कुमारी ने अपनी शानदार कला का प्रदर्शन किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मोनी कुमारी के लिए बेहद प्रेरणादायक साबित हुआ है। इस उपलब्धि के बाद उन्होंने अपने सभी गुरुजनों और संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया है। मोनी कुमारी का कहना है कि वह आगे भी अपनी पारंपरिक मिथिला पेंटिंग कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करती रहेंगी। बताते चलें कि फिलहाल वो मधुबनी पेंटिंग के लिए पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित बौवा देवी, दुलारी देवी एवं शिवन पासवान के सानिध्य में मिथिला पेंटिंग की बारीकियां सीख रही हैं। इस सम्मान की खबर मिलते ही उनके गांव और आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है। गांव के लोग भी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और मोनी कुमारी को बधाई दे रहे हैं। आपको बताते चले कि मोना कुमारी साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के चौकी गावं के रहने वाली है जो की बचपन से ही मिथिला पेंटिंग में काफी पाड़ुची रखती थी। आज मिथिला पेंटिंग के कारण उन्होंने यह मुकाम हासिल की है। इस मुकाम हासिल होने के बाद लोग उन्हें बधाई देने के लिए घर पहुंच रहे हैं।

### जिले में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है एल.पी.जी. गैस, गैस की जमाखोरी तथा कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता

**दरभंगा।** जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन पदाधिकारियों की उपस्थिति में गैस सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वितरण प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से चलते रहें। उल्लेखनीय है दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 13 मार्च को 12 हजार 260 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, 10, 055 सिलेंडर एजेसियों के पास शेष हैं। दरभंगा जिला में 14 मार्च को 6, 732 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। इस प्रकार दरभंगा जिला में संचालित एजेंसियों के पास 16, 787 गैस सिलेंडर भंडारित होगा, जिसमें से 14 मार्च को दरभंगा जिलान्तर्गत एजेंसियों द्वारा कुल – 11 हजार 970 गैस सिलेंडरों का वितरण किये जाने की संभावना है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।

आमजनों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और किसी भी प्रकार की गलत सूचना से बचें। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की सतत एवं गहन निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

### आयकर विभाग द्वारा करदाताओ को जागरूकता अभियान

संवाददाता

**बेगूसराय:** बेगूसराय में आयकर विभाग द्वारा करदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष आयकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के हरहर महादेव चौक स्थित केडीएम होटल के नालंदा हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें जिले भर के चिकित्सक, टैक्स पेयर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बिहार एवं झारखंड के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त जयंत मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बेगूसराय के आयकर अधिकारी राजकुमार भारती ने उन्हें बुके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयंत मिश्र ने कहा कि नागरिकों द्वारा दिया गया टैक्स देश के विकास और सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जो लोग ईमानदारी से टैक्स देते हैं, वे कहीं न कहीं देश सेवा का ही कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई लोग अपना मुख्यालय राज्य से बाहर दिखाकर टैक्स दूसरे राज्यों में जमा करते हैं, जबकि उन्हें अपना टैक्स अपने ही राज्य में जमा करना चाहिए। इससे राज्य के विकास को भी गति मिलती है।उन्होंने जानकारी दी कि सरकार द्वारा 1 अप्रैल से आयकर से जुड़े कुछ नए प्रावधान लागू किए जा रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य आयकर प्रक्रिया को सरल बनाना है, ताकि आम व्यवसायी और टैक्स पेयर भी इसे आसानी से समझ सकें। इसी उद्देश्य से आयकर विभाग द्वारा हर जिले में जाकर आयकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को नए प्रावधानों और नियमों की सही जानकारी मिल सके।जयंत मिश्र ने बताया कि देश की कुल आबादी लगभग 140 करोड़ है, जिसमें करीब 75 करोड़ लोग पैन कार्ड धारक हैं। लेकिन इनमें से केवल लगभग 9 करोड़ लोग ही नियमित रूप से टैक्स का भुगतान करते हैं।

उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि बिहार में टैक्स देने वालों की संख्या मात्र लगभग 5 प्रतिशत है। इसलिए उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे जागरूक बनें और समय पर टैक्स देकर राज्य और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त को बुके और शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में अधिवक्ता समीर शेखर, सीए प्रदीप भारद्वाज, डॉ. ए. के. राय, डॉ. के. के. सिंह, डॉ. संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन बेगूसराय के आयकर अधिकारी राजकुमार भारती ने किया।

### 12 दिन से लापता नाबालिक लड़की परनाडाबर थाना क्षेत्र से बरामद

संवाददाता

**गयाजी डुमरिया:** डुमरिया प्रखंड के बोधि बिगहा थाना क्षेत्र के एक गांव से अपह्रित नाबालिक लडकी को पुलिस ने गुरूवार को नवादा जिला के परनाडाबर थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर ली है. बोधिबिगहा थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक लडकी को अपहरण कर लिया गया था, अपहरण के बाद लडकी के पिता द्धारा स्थानिय थाना को लिखित शिकायत दर्ज करायी थी.शिकायत दर्ज के बाद बोधि बिगहा थाना कि पुलिस ने मामले की जॉच करते हुए युवती की बरामदगी को लेकर कारवाई शुरू कर दी थी फोन से लोकेशन लिया जा रहा था..गहन जॉच और स्थानीय स्तर पर की गई पडताल के बाद गुरूवार को युवती को परनाडबर थाना क्षेत्र के एक गांव से सकुशल बरामद कर ली है. बोधिबिगहा थानाध्यक्ष प्रियनन्दन आलोक ने बताया कि लडकी के पिता द्धारा 1 मार्च को अपनी लडकी के अपहरण का मामला का लिखित शिकायत थाना में दर्ज कराया गया था. पुलिस तबसे बरामदगी को लेकर तलाश कर रही थी.जो गुरूवार को फोन के लोकेशन के आधार पर नवादा परनाडबर थाना क्षेत्र के एक गांव से बरामद कर ली गई है.

## भंडसर गांव में हर्षोल्लास व्याप्त 14 से 16 तक होगी रामकथा विशेष

संवाददाता

**औरंगाबाद :** भोजपुर जिले के पीरो प्रखण्ड के भंडसर गांव में इनदिनों हर्षोल्लास व्याप्त है क्योंकि यहां तीन दिवसीय रामकथा का आयोजन होना है और गांव के सभी आयुवर्ग के लोगों में इस आयोजनपूर्व का उत्साह हफ्ते भर पहले से ही दिख रहा है। यह आयोजन रामचरितमानस प्रचार मंडल तरारी के बैनर तले इसके 64वें वार्षिक सम्मेलन के रुप मे आयोजित किया जा रहा है। इस संस्था द्वारा तरारी पीरो अंचल के गांव गांव में हर रविवार को मानस गोष्ठी का माध्यम से किया जाता है जिसका उद्देश्य लोगों में धार्मिक आध्यात्मिक चेतना विकसित करने का है। होने वाले आयोजन को लेकर बिहटा- बिहिया सड़क पर भंडसर मोड़ के पास एक बड़ा और आकर्षक तोरण द्वार बनाया गया है। भंडसर और आसपास के गांवों में आयोजन के प्रति लोगों को आकर्षित करने और आमंत्रित करने के लिए हर सुबह प्रभातफेरी करके ग्रामीण जन रामधुन गाते निकलते है। इससे इलाके




की गांव गलियां हरदिन हर सुबह राममय हो रही हैं। इस तीन दिवसीय आयोजन में बनारस देवरिया गया और पूरे शाहाबाद इलाके के रामकथा सहित धार्मिक प्रवचनकर्ता भंडसर के कथामन्च से अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मुख्य प्रवचनकताओं में प्रियंका द्विवेदी, आस्था दूबे, ऋतु कुमारी, राजबल्लभ सिंह भोजपुरिया, चिंताहरण जी, रोहित तिवारी सहित कई नामवर कथा वाचक और प्रवचनकर्ता मंच से सुधि श्रोताओं को सम्बोधित करेंगे और संगीतमय कथा का रस बरसायेंगे। आयोजन से होनेवाले सामाजिक प्रभाव को लेकर तरारी विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी रहे अधिवक्ता राजेंद्र पाठक ने कहा कि इससे पूरे इलाके के लोगों को आध्यात्मिक और धार्मिक बातें अलग अलग शैली के वक्ताओं से सुनने का सुअवसर मिलेगा जो समाज पर नैतिकता का प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा कि महिला कथा वचिकाओं की संगीतमय कथा से महिला और ग्रामीण जनों में धार्मिक विषय सहजता से समा जाते हैं।

रामचरित मानस प्रचार मंडल के अध्यक्ष बरमेश्वर तिवारी सहित सह संयोजक द्वय डॉ शिवपुकार सिंह और योगेंद्र चौबे लगातार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तरारी सहार पीरो और आसपास के गांवों के धार्मिक जनों और कामकाजी लोगों सहित महिलाओं को विशेष आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं भंडसर गांव के निवासी और मुख्य स्थानीय आयोजक विजय कुमार अनिल प्रसाद, रामचन्द्र चौधरी, सुधीर कुमार सहित भंडसर के तमाम ग्रामीण जनों की ओर से आयोजन की सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं और इलाके के लोगों से होनेवाली इस रामकथा में तीनों दिन जुटने की अपील की जा रही है।

## राज्य स्तरीय निपुण मेला में बारुण प्रखंड की सहभागी शिक्षिका को मिल रही बधाई




संवाददाता

**औरंगाबाद :** बारुण प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय बर्डी कला की शिक्षिका सोनल कुमारी गुप्ता ने राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के तत्वावधान में शिक्षा मनोविज्ञान विभाग के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टी एल एम मेला 2026 में हिंदी विषय में पुरस्कृत किए जाने पर बारुण प्रखंड के शिक्षकों एवं प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मचारियों ने बधाई दी है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार, बी आर सी के अकाउंटेंट कुश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रतीक कुमार, शिक्षक सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने अपने बधाई संदेश में कहा कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में बारुण प्रखंड का उन्होंने नाम रौशन किया है साथ ही साथ यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रम में शिक्षकों के सभागिता निभाने से अन्य शिक्षा कर्मियों में एक प्रेरणा जगती है उत्साह का वातावरण बनता है। विदित कि पिछले दिनों सोनम कुमारी गुप्ता ने औरंगाबाद जिला के सम्राट अशोक भवन में जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर चयनित हुई थी।

## जन्मदिन पर आदित्येश शौर्य ने किया पौधारोपण



संवाददाता

**गुरुआ (गया)।** गुरुआ प्रखंड के नसेर गांव में एक अनोखी पहल देखने को मिली, जब छः वर्षीय आदित्येश शौर्य ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने अमरूद और महोगनी के दर्जनों पौधे लगाए। आदित्येश शौर्य ने बताया कि वह हर वर्ष अपने जन्मदिन के मौके पर अपने गांव में पौधारोपण करते हैं। इस बार भी जन्मदिन के अवसर पर वह पटना से अपने गांव नसेर पहुंचे और पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। आदित्येश शौर्य पटना स्थित ग्रीन लैंड इंटरनेशनल स्कूल के प्रथम कक्षा के छात्र हैं। उनके पिता रंजीत रंजन, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना में जन संपर्क पदाधिकारी हैं। आदित्येश अपने पिता से प्रेरित होकर पौधारोपण करते हैं। रंजीत रंजन ने गुरुआ और आसपास के क्षेत्रों में हजारों पौधे लगाए हैं, जो अब बड़े पेड़ों का रूप ले चुके हैं। इसी से प्रेरित होकर आदित्येश भी हर साल पौधे लगाते हैं। इस मौके पर रंजीत रंजन, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, समाजसेविका राधा देवी, रीना कुमारी, श्रेया सुमन, प्रियदर्शी कुमार और सुधांशु कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### परैया प्रखण्ड के मोबारकपुर गॉव में नेवारी के गांज में लगी आग, हजारों की क्षति

संवाददाता

**गयाजी परैया:** प्रखण्ड के मोबारकपुर गांव में शुक्रवार की देर रात अचानक नेवारी के गांज में आग लग जाने से काफी नुकसान हो गया। इस घटना में लगभग 8 हजार नेवारी जलकर राख हो गई।वार्ड सदस्य के पति पुनदेव पासवान ने बताया कि गांव के महेंद्र चौधरी के नेवारी रखे गए गांज में अचानक आग लग गई। आग लगने के समय महेंद्र चौधरी का पूरा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर गया हुआ था।

आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसके बाद डायल 112 की टीम और अग्निशमन दल की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।इस घटना में जली हुई नेवारी की कुल लागत लगभग 12 से 14 हजार रुपये आंकी जा रही है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## जेल से रिहाई के बाद चुन्नू सिंह का पंचायत भ्रमण, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता

**गयाजी मोहड़ा:** मोहड़ा प्रखंड क्षेत्र के तेतर पंचायत के राजीव कुमार उर्फ चुनूं सिंह के जेल से रिहा होने के बाद पंचायत क्षेत्र में जश्न का माहौल देखने को मिला। रिहाई के बाद शुक्रवार को चुनूं सिंह ने अपने पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान कई स्थानों पर ग्रामीणों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। भ्रमण के दौरान कई महिलाओं ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया, वहीं कुछ महिलाओं की आंखों में खुशी के आंसू भी झलकते दिखाई दिए। इस मौके पर पूर्व मुखिया चुनूं सिंह ने कहा कि वह हमेशा पंचायत के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि वह पांच वर्ष, पांच महीना और पांच दिन बाद जेल से रिहा होकर अपने क्षेत्र में लौटे हैं।



उन्होंने पंचायत क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जेल में रहने के बावजूद भी लोगों ने उनकी पत्नी शिल्पी सिंह को वर्तमान मुखिया बनाकर सम्मान दिया और विश्वास बनाए रखा। इसके लिए वे पंचायत की जनता के सदैव ऋणी रहेंगे। पंचायत भ्रमण के दौरान विकैयपुर चरबारा, तेतर और शिवनगर मोड़ सहित कई जगहों पर ग्रामीणों ने फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। राजीव कुमार, ने बताया की रजनीश कुमार सिंह (वकिल) सत्य को विजय कराने में काफी अहम भूमिका निभाये हैं, मौके पर मुकेश सिंह, उमा सिंह, बबलू सिंह, बिकी सिंह, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश मांझी, पारस सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। पूरे क्षेत्र में उनके समर्थकों के बीच उत्साह और खुशी का माहौल देखा।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बेगुसराय आएंगे

संवाददाता

**बेगूसराय:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों चल रही समृद्धि यात्रा के तहत 14 मार्च को बेगूसराय पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बरौनी प्रखंडत स्थित बियाडा मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा लगभग पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सबसे पहले बियाडा परिसर में लगाए गए जीविका दीदियों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। जनसंवाद के उपरांत मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री बेगूसराय जिले में लगभग 400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। साथ ही वे बरौनी में प्रस्तावित कैंपा कोला प्लांट की आधारशिला रखेंगे तथा निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, आवागमन, साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक मनीष लगातारव बरौनी के बियाडा क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। डीएम ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी कर ली जाएं, ताकि मुख्यमंत्री के आगमन पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने आगंतुकों और आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ सतत निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री के 14 मार्च को प्रस्तावित दौरे को लेकर बरौनी और आसपास के इलाके में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार तैयारियां जारी हैं।

## देश में पहली बार ताना शाही की सरकार: राम चन्द्र

संवाददाता

**केवटी।** सीपीआई (एम) अंचल लोकल कमिटी की विस्तारीक बैठक बीते गुरुवार को पैगंबरपुर में सरपंच प्रतिनिधि बदरूल नदाफ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया तथा जन समस्याओं को लेकर 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित रैली की सफलता की तैयारी की समीक्षा की गई और अधिक से अधिक भागीदारी पर वल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के अंचल सचिव राम चन्द्र साह ने कहा कि देश की हालत काफी नाजुक है। आजादी के बाद यह देश में पहली सरकार है। वर्तमान सरकार की तानाशाही और अलोकतांत्रिक फैसले से किसान,



खेत मजदूर, दलित, महिला तथा अल्पसंख्यक के जीवन जीने का अधिकार हीं समाप्त है। मंहगाई से भी लोग त्रस्त है। उन्होने भारत-अमेरिका ब्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि किसान लूट जायगा। उन्होने अमेरिका इजराइल द्वारा अनैतिक और अवैध ढंग से ईरान के साथ युद्ध के कारण भारत पर भी तेल और गैस का समस्या हो सकता है। बैठक को राजेंद्र पासवान, राम स्वारथ राम, मो मोही, राम खेलावन सहनी, मो नाजिम आनन्द सहनी, कैलाश मांझी, राम जुलूम महतो तथा अवरूद्ध पासवान आदि ने संबोधित किया।

## भारत की राष्ट्रपति Droupadi Murmu द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया

संवाददाता

**बाढ़** अनुमंडल के लेमुआबाद पंचायत के वार्ड संख्या-1 की वार्ड सदस्य नेहा कुमारी को नल-जल योजना और जल प्रबंधन में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय जल महोत्सव 2026 में भारत की राष्ट्रपति Droupadi Murmu द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। 11 मार्च को आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में जल संरक्षण और ग्रामीण पेयजल व्यवस्था में बेहतर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों को सम्मान दिया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद शुक्रवार को जब नेहा कुमारी अपने गांव लेमुआबाद दरगाही टोला पहुंचीं, तो ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे पटना जिले से इस कार्यक्रम में सम्मान पाने वाली वह अकेली महिला जनप्रतिनिधि थीं।

नेहा कुमारी ने इस सम्मान के लिए पीएचईडी विभाग और अपने वार्ड के ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ जल शक्ति मंत्री और कई केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उन्हें नल-जल योजना के बेहतर संचालन और जल प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए यह प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

उन्होंने कहा कि उनके वार्ड की महिलाओं और ग्रामीणों का हमेशा सहयोग मिला, जिसके कारण क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का समाधान समय पर किया जा सका। इसी कारण लोगों का विश्वास और समर्थन भी मिला। नेहा कुमारी ने कहा कि राष्ट्रपति से सम्मान मिलना उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे पंचायत और परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि जल महोत्सव कार्यक्रम में पूरे बिहार से पांच लोगों का चयन किया गया था, जिनमें पटना जिले से वह अकेली जनप्रतिनिधि थीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है और वह आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह काम करती रहेंगी।

वहीं गांव के विनय कुमार ने कहा कि नेहा कुमारी ने नल-जल योजना को लेकर लगातार बेहतर कार्य किया है। उनके सम्मानित होने से पूरे पंचायत का नाम रोशन हुआ है। गांव की गीता देवी ने भी खुशी जताते हुए कहा कि गांव की बेटी को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाना पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। जैसे ही सूचना मिली कि वह दिल्ली से लौटकर गांव आ रही हैं, ग्रामीण फूल-मालाओं के साथ सड़क पर पहुंच गए और उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया।

## राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला में किसानों को मिल रही है आधुनिक तकनीक की जानकारी

- मेले में कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, उनके बारे में तकनीकी जानकारी तथा अनुदान का लाभ मिल रहा एक ही स्थान पर
- मेला में 15 हजार से अधिक किसानों एवं आमजनों ने किया भ्रमण
- यहां किसान पाठशाला में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

**पटना:** शहर के गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार, 2026) के दूसरे दिन काफी लोग पहुंचे। इस मेला में किसानों को कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, उनके बारे में तकनीकी जानकारी और उन्हें कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ एक ही साथ मिल रहा है। 12 मार्च से शुरू हुआ यह मेला 15 मार्च तक चलेगा। इसे कृषि विभाग ने सीआईआई के सहयोग से आयोजित किया है। इसमें कृषि यंत्रों के निमार्ताओं एवं विक्रेताओं की व्यावसायिक बैठक का आयोजन भी किया गया। दूसरे दिन शुक्रवार को इस मेला में पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पू. चम्पारण, प. चम्पारण, सारण, सिवान एवं गोपालगंज जिले के 2, 725 किसानों ने भाग लिया। अब तक मेला में 15 हजार से अधिक किसानों एवं आमजनों ने



भ्रमण किया है। मेला में 108 कृषि यंत्रों पर सरकार की तरफ से 75.34 लाख रुपए का अनुदान दिया गया।

इन कृषि यंत्रों का बाजार मूल्य लगभग 1.92 करोड़ रुपए है। इस प्रकार 2 दिनों में कुल 238 कृषि यंत्रों की खरीद पर कुल 1 करोड़ 34 लाख 86 हजार रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया। साथ ही बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक टैक्टर का प्रदर्शन भी किया गया है।

इस मेला में शुक्रवार को कक्षा 8 एवं 9 के बच्चों के लिए आयोजित मॉडल प्रदर्शनी के विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। इस प्रतियोगिता में रविन्द्र बालिका प्लस टू विद्यालय, राजेन्द्र नगर के छात्रा को प्रथम पुरस्कार, डॉनबासको एकेडमी, पटना को द्वितीय पुरस्कार एवं राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना के छात्र को तृतीय पुरस्कार दिया गया। विजेताओं छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 2000 रुपये के साथ-साथ मोमेंटो तथा प्रमाण-पत्र दिया गया। साथ ही, अन्य सभी प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को प्रतिभागी प्रमाण-पत्र दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तानी गेंदबाज को खरीदने पर घिरीं काव्या मारन, सनराइजर्स लीड्स टीम का एक्स अकाउंट सस्पेंड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** द हंड्रेड की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स की मालकिन काव्या मारन की मुश्किल बढ़ गई है। दरअसल, सनराइजर्स लीड्स का एक्स अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। ऐसा इसलिए हुआ कि द हंड्रेड की नीलामी में काव्या मारन की टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ी अबरार अहमद पर सबसे महंगी बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया। इस फ्रेंचाइजी ने अबरार को खरीदने के लिए 2 करोड़ 34 लाख रुपये में खरीदा है।

द हंड्रेड 2026 ऑक्शन का आयोजन लंदन में हुआ। जहां काव्या मारन के साथ टीम के हेड कोच डेनियल विटोरी भी मौजूद रहे। इस नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने ट्रेंट रॉकेट्स को पछाड़ते हुए अबरार अहमद को अपनी टीम में शामिल करने में सफलता हासिल की। सनराइजर्स लीड्स की कप्तानी इस सीजन में इंग्लैंड के टी20 कप्तान हैरी ब्रूक के हाथों में होगी।

ऐसी घटना कई साल के बाद घटी जब किसी भारतीय फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम में किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी को शामिल किया। हालांकि, काव्या मारन द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद भारत में उनकी जमकर आलोचना हो रही है और क्रिकेट फैंस आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का बॉयकॉट कर रहे हैं। वैसे सनराइजर्स लीड्स के एक्स अकाउंट को सस्पेंड क्यों किया गया इसकी सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। वहीं विवाद के बाद टीम के कोच डेनियल विटोरी ने इस पूरे मामले पर सफाई देते हुए कहा कि आदिल राशिद शुरू से हमारी पसंद थे, लेकिन वो हमारे हाथ से निकल गए तो हमने विदेशी स्पिनर की तरफ रुख किया। चार-पांच खिलाड़ी ऐसे थे जिन पर हमारी नजर थी और अबरार उनमें से एक थे उन्हें पाकर हम खुश हैं। विटोरी ने बताया कि मैनेजमेंट ने नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को न चुनने के बारे में कोई चर्चा नहीं की थी। उन्होंने कहा कि उनकी योजना सबसे अच्छी टीम चुनने की थी और जब वे आदिल राशिद को नहीं ले पाए तो उन्होंने अबरार को चुना।

### काव्या मारन की फ्रेंचाइजी ने इस पाकिस्तानी खिलाड़ी को करोड़ों में खरीदा, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** जहां आईपीएल में पाकिस्तान खिलाड़ियों पर बैन है वहीं, इंग्लैंड की लोकप्रिय टी20 लीग द हंड्रेड के हालिया प्लेयर ऑक्शन में कुछ ऐसा हुआ जिसे लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। दरअसल, भारतीय कारोबारी समूह सन ग्रुप की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाज अबरार अहमद को अपनी टीम में शामिल कर लिया है। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर काफी चर्चा और विवाद देखने को मिल रहा है। बता दें कि, सन ग्रुप की मालकिन काव्या मारन की मौजूदगी में हुए इस ऑक्शन में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद के लिए जमकर बोली लगाई। रिपोर्ट के मुताबिक टीम ने उन्हें 1 लाख 90 हजार पाउंड यानी करीब 2.34 करोड़ रुपये में खरीदा है। ऑक्शन के दौरान अबरार को लेने के लिए सनराइजर्स लीड्स और ट्रेंट रॉकेट्स के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। आखिरकार सनराइजर्स लीड्स ने ज्यादा बोली लगाकर इस पाकिस्तानी स्पिनर को अपनी टीम में शामिल कर लिया है। अबरार अहमद की ये डील इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि वह किसी भारतीय मालिक वाली फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए हैं। बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से राजनीतिक तनाव के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने 2009 के बाद से पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अपने साथ नहीं जोड़ा है। जिस कारण से माना जाता था कि भारतीय मालिक वाली टीमों में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मौका नहीं मिलेगा। लेकिन इस ऑक्शन में ये धारणा टूटती नजर आई। सन ग्रुप की टीम द्वारा अबरार अहमद को खरीदने के बाद अब सोशल मीडिया पर कई फैंस ने इस फैसले पर सवाल भी उठाए। कुछ लोगों ने इसे क्रिकेट के लिहाज से सही बताया, तो कुछ ने इसकी आलोचना भी की।

### आईपीएल 2026 में विराट कोहली बना सकते हैं बड़े रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होगा। इसके एक फेज के शेड्यूल की घोषणा हो चुकी है। इसमें आरसीबी अपना पहला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 28 मार्च को खेलेगी। इस बार आरसीबी में विराट कोहली के प्रदर्शन पर नजरें होंगी। वह अपनी टीम को लगातार दूसरे सीजन में खिताब दिलाने की पूरी कोशिश करेंगे। कोहली आगामी सीजन के दौरान कुछ रिकॉर्ड्स बना सकते हैं। हमारी इस खास रिपोर्ट पर एक नजर डालें

विराट कोहली ने अब तक 267 आईपीएल मैचों की 259 पारियों में 39.54 की औसत के साथ 8, 661 रन बनाए हैं। वह इस सीजन में आईपीएल इतिहास में 9,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन सकते हैं। उन्हें इस आंकड़े को छूने के लिए 339 रन की दरकार है। उन्होंने आईपीएल 2025 में 650 से ज्यादा रन बनाए थे। फिलहाल कोहली लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली इस आंकड़े को छूने के लिए 339 रन की दरकार है। उन्होंने आईपीएल में 650 से ज्यादा रन बनाए थे। फिलहाल कोहली लीग में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप जीत के बाद टीम इंडिया इन दो देशों के खिलाफ खेलेगी टी20 सीरीज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2026 जीतने के बाद अब टीम इंडिया अगले एक साल में कई अंतर्राष्ट्रीय सीरीज खेलने की तैयारी में है। कहा जा रहा है कि, भारतीय टीम आने वाले महीनों में श्रीलंका और आयरलैंड का दौरा कर सकती है, जहां टी20 मैचों की सीरीज आयोजित की जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में कुछ बदलाव पर विचार कर रहा है। फिलहाल भारत और श्रीलंका के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाने की योजना है जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे। अब संभावना जताई जा रही है कि इन टेस्ट मैचों से पहले तीन टी20 मुकाबले भी खेले जाएंगे। अगर ऐसा होता है तो ये दौरा टी20 मुकाबलों से शुरू हो सकता है।

बताया जा रहा है कि, ये प्रस्ताव श्रीलंका क्रिकेट की ओर से आया है। श्रीलंका में पिछले साल आए एक बड़े चक्रवात के कारण कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ था। ऐसे में अतिरिक्त टी20 मैच आयोजित कर राहत कार्यों के लिए धन जुटाने की योजना बनाई जा रही है। श्रीलंका दौरे से पहले भारतीय टीम आयरलैंड में भी टी20 सीरीज खेल सकती है। इसके लिए बीसीसीआई और क्रिकेट आयरलैंड के बीच बातचीत चल रही है। अगर सब कुछ तय हुआ तो ये सीरीज जून के आखिरी सप्ताह में खेली जा सकती है। भारतीय टीम पहले भी कई बार आयरलैंड का दौरा कर चुकी है।

वहीं इन सभी संभावित सीरीज के बाद भारत को इंग्लैंड का दौरा करना है। जहां दोनों टीमों के बीच सीमित ओवरों की सीरीज खेली जाएगी। इसमें वनडे और टी20 दोनों ही फॉर्मेट शामिल हैं। इसके अलावा भारत को जून में घर पर अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज खेलनी है। इस घरेलू सीरीज में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच की संभावना है। टी20 वर्ल्ड कप जीत के बाद अब टीम इंडिया के सामने लगातार अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की चुनौती होगी। फैंस को उम्मीद है कि भारतीय टीम आने वाले सीरीज में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी।

# डब्ल्यूएफआई के फर्जी पत्र से हंगरी वीजा आवेदन से मानव तस्करी की आशंका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कुछ लोगों ने भारतीय पहलवान बनकर बुडापेस्ट में एक कथित प्रतियोगिता के लिए नयी दिल्ली में हंगरी दूतावास से वीजा मांगा जिससे मानव तस्करी की संदिग्ध कोशिश का मामला सामने आया हालांकि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया कि आवेदन के साथ लगाए गए उनके दस्तावेज फर्जी है। दूतावास ने गुरुवार को डब्ल्यूएफआई से पुष्टि मांगी जब उसे 15 से 22 मार्च तक बुडापेस्ट में होने वाले 'इंटरनेशनल रेसलिंग ट्रेनिंग और टूनामेंट कार्यक्रम' में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय महासंघ द्वारा चार मार्च को कथित तौर पर जारी एक सिफारिश पत्र के जसाथ वीजा आवेदन मिला।

डब्ल्यूएफआई ने तुरंत जवाब दिया और कहा कि यह पत्र फर्जी था जिसे महासंघ ने जारी नहीं किया था। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने दूतावास को दिए जवाब में कहा, "यह 12 मार्च के आपके ईमेल के संबंध में है जिसमें दस्तावेजों के असली होने के बारे में सफाई मांगी गई थी। इसमें दिया गया पत्र फर्जी है और भारतीय कुश्ती महासंघ ने जारी नहीं किया है।" महासंघ ने दस्तावेजों में कुछ गड़बड़ियों की ओर भी इशारा किया जिसमें एक पूर्व अधिकारी का नाम गलत तरीके से इस्तेमाल करना भी शामिल है। सिंह ने कहा, "यह भी साफ किया जाता है कि वी एन



प्रसूद अब डब्ल्यूएफआई के महासचिव पद पर काबिज नहीं हैं और अभी डब्ल्यूएफआई के उपाध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे हैं। प्रसूद से इस मामले के बारे में जानकारी ली गई है जिन्होंने ऐसा कोई पत्र जारी करने से साफ इनकार किया है।" दूतावास को सौंपे गए जाली पत्र के मुताबिक 11 पहलवान और एक मैनेजर को बुडापेस्ट जाने के लिए वीजा देने की सिफारिश की गई थी जिसमें एक स्थानीय जगह पर ट्रेनिंग और टूनामेंट के कार्यक्रम का हवाला दिया गया था। दस्तावेज में एक 'रेफरेंस नंबर' भी था और कहा जा रहा है कि दूतावास से खिलाड़ियों को वीजा देने का अनुरोध किया गया था। महासंघ के अधिकारियों ने कहा कि दस्तावेज में इस्तेमाल किए गए लेटरहेड में गलत जानकारी थीं जिसमें पुराना पता भी शामिल था और दूसरी गड़बड़ियां भी थीं। महासंघ ने अपने जवाब में दूतावास से जाली दस्तावेजों के आधार पर किसी भी वीजा आवेदन को मंजूरी नहीं देने की अपील की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। डब्ल्यूएफआई ने कहा, "इसे देखते हुए अनुरोध है कि इस पत्र के आधार पर कोई वीजा प्रक्रिया शुरू नहीं की जाए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।"

महासंघ ने यह भी साफ किया कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए आधिकारिक भारतीय प्रविष्टि सिर्फ राष्ट्रीय संस्था के जरिए ही भेजी जाती है और भारतीय पहलवानों के लिए अगली कुश्ती प्रतियोगिता बुडापेस्ट में रैंकिंग सीरीज 'पोलयाक इमरे, वारगा नानोस एवं कोज्मा इस्तवान मेमोरियल' टूनामेंट जुलाई में होना है। संजय सिंह ने कहा, "यह घटना शायद मानव तस्करी की कोशिश से जुड़ी हो सकती है जिसमें कुछ लोग कथित तौर पर महासंघ के नकली दस्तावेज का इस्तेमाल करके खिलाड़ी बनकर विदेश जाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों से मामले की आगे जांच करने की उम्मीद है।" उन्होंने कहा, "हमें पहले दूतावास से फोन आया था। हमने ईमेल से दस्तावेज मांगे थे। जांच करने पर पता चला कि यह सब नकली है। हमने तुरंत दूतावास को जवाब दिया। इसकी जांच होनी चाहिए।

### फीफा विश्व कप 2026: अपनी जिंदगी और सुरक्षा का ध्यान.., डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी फुटबॉल टीम को चेताया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि उन्हें नहीं लगाता कि ईरानी फुटबॉल टीम का इस साल अमेरिका की सह मेजबानी में होने वाले वर्ल्ड कप में शामिल होना सही होगा। उन्होंने इसका कारण ईरानी खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंता बताया। दोनों देश मौजूदा समय में युद्ध कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को ईरान के खेल मंत्री ने कहा था कि ईरान फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पर कहा कि, ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का वर्ल्ड कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनका यहां होना उनकी जान और सुरक्षा के लिए सही होगा। इससे पहले फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा था कि ट्रंप ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि ईरानी खिलाड़ियों और कोच का स्वागत किया जाएगा। न्यूज एजेंसी एपी से व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर ईरान के हिस्सा लेने के बारे में इन्फेंटिनो को ट्रंप के संदेश की पुष्टि की।

# आईपीएल 2026: ऋषभ पंत की टीम एलएसजी को कड़ा संदेश

## कहा- लक्ष्य साफ रखो, रिश्ते मजबूत करो

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन की तैयारियों के दौरान टीम के आपसी तालमेल, संवाद और लक्ष्यों की स्पष्टता के महत्व पर जोर दिया। यह सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी द्वारा अपने फेसबुक हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में, कप्तान पंत ने टीम में वापसी करने वाले और नए खिलाड़ियों दोनों का स्वागत किया और खिलाड़ियों से प्री-सीजन कैंप के दौरान मजबूत संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। पंत ने कहा कि पिछले साल के कई खिलाड़ी हैं। कुछ नए चेहरे भी हैं। सभी का स्वागत है। मुझे लगता है कि हमें इसे संक्षिप्त और सरल रखना चाहिए। आइए हम आपसी संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। अगर हम क्रिकेट की बात नहीं करेंगे, तो हम बेहतर नहीं हो पाएंगे। एक खिलाड़ी के रूप में, आइए हम यहां मौजूद सभी खिलाड़ियों से जो कुछ भी सीख सकते हैं, सीखें और इस सीजन के लिए कुछ ऐसा बनाएं



जिसका हमें बेसब्री से इंतजार हो। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नए सीजन में प्रवेश करते समय मानसिक स्पष्टता की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि खिलाड़ियों को अपने व्यक्तिगत और टीम के लक्ष्यों को परिभाषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम सीजन में प्रवेश करते हैं, तो हर बार हमारे मन में यही विचार आता है कि चलो कुछ बनाते हैं, चलो जीत हासिल करने की कोशिश करते हैं। लेकिन साथ ही, आपको अपने विचारों में स्पष्टता रखनी चाहिए, आप क्या करना चाहते हैं? एक व्यक्ति के रूप में और एक टीम के रूप में आप क्या हासिल करना चाहते हैं... और यही वह समय है जब आप इस स्पष्टता को प्राप्त कर सकते हैं। पंत ने आगे बताया कि यह बैठक तैयारियों का प्रारंभिक चरण है, और बाकी टीम के जल्द ही शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने अपने साथियों को ऊर्जा स्तर बनाए रखते हुए इस प्रक्रिया का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पंत ने अपनी बात समाप्त की कि यह एक तरह का सीजन कैंप है, लेकिन फिर भी प्री-सीजन कैंप है क्योंकि बाकी टीम के खिलाड़ी ज्यादातर 15-16 मार्च से जुड़ेंगे। इसलिए अभी हम एक-दूसरे को जान रहे हैं। चलिए एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताते हैं और खूब मस्ती करते हैं, ठीक है? चलिए बातचीत जारी रखते हैं। खूब ऊर्जा, खूब मस्ती, खूब कुछ सीखना। चलिए कुछ नया बनाते है।

## अबरार अहमद को सनराइजर्स लीड्स के खरीदने पर बीसीसीआई का बयान, जानें क्या कहा




**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** बीसीसीआई द हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स के पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने के मामले में दखल नहीं देगा। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बीसीसीआई का अधिकार केवल आईपीएल तक सीमित है। सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को ऐसे समय पर अबरार को खरीदा जब ये कयास लगाए जा रहे थे कि आईपीएल फ्रेंचाइजी की वाली द हंड्रेड की टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों के लिए बोली नहीं लगाएंगी। लीड्स फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड के पास है जो आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद को चलाता है। राजीव शुक्ला ने एएनआई से कहा कि, हमारा डोमेन सिर्फ आईपीएल तक सीमित है। वे उसके बाहर किसी लीक में क्या करते हैं इससे हमारा कोई लेना देना नहीं है। हम उनके किसी विदेशी लीग में किसी खिलाड़ी को जोड़ने में कैसे दखल दे सकते हैं। ये उन पर निर्भर है। ये पूरी तरह से उस फ्रेंचाइजी पर निर्भर करता है जिसने भारत के बाहर कोई टीम खरीदी है। अगर वे उस लीग में भारत के बाहर का कोई प्लेयर ले रहे हैं तो हमें कोई चिंता नहीं है क्योंकि आईपीएल में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है।

## स्विस ओपन 2026: किरण जॉर्ज कड़े संघर्ष के बाद बाहर, थारुन मन्नेपल्ली अगले दौर में पहुंचे



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** बासेल, 12 मार्च भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बृहस्पतिवार को यहां स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए जबकि युवा थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए।

भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला आज रात प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से एकतरफा मुकाबले में 11-21, 15-21 से हार गईं। थाईलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ यह उनकी चौथी हार है।

### इंडियन वेल्स ओपन में नोवाक जोकोविच का सफर खत्म, इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने दी मात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** डिफेंडिंग चैंपियन जैक ड्रेपर इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में एक बार फिर धमाकेदार खेल दिखा रहे हैं। उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चौथे दौरमें पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को मात दी। 11वीं सीड के इस ब्रिटेन के खिलाड़ी ने मुकाबले को 4-6, 6-4, 7-6 से अपने नाम किया। इंडियन वेल्स ओपन को बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है।

दरअसल, हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद 24 वर्षीय ड्रेपर ने जीत के साथ वापसी की। इस जीत से ड्रेपर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। ये मुकाबला दो घंटे 35 मिनट चला। अब उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एख अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026: सुमित अंतिल ने रचा इतिहास, जेवलिन थ्रो में जीता गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पैरालंपिक खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट सुमित अंतिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। दिन की मुख्य स्पर्धा निश्चित रूप से पुरुषों की भाला फेंक (एफ43, एफ44, एफ64) स्पर्धा थी जिसमें तोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने वाले अंतिल ने 69.25 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल करके भारतीय टीम की अगुआई की। पुष्पेंद्र सिंह ने 56.91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि पूनम राम ने 49.48 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। भारत 54 स्वर्ण सहित 167 पदक जीतकर शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रूस 11 स्वर्ण से 23 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की 400 मीटर टी13 स्पर्धा में भी दबदबा बनाया जिसमें सुबोध भट्ट ने 51.88 सेकंड में स्वर्ण जीता। उनके बाद प्रियांशु कौशिक (53.19 सेकंड) और अवनिल कुमार (56.91 सेकंड) रहे। पुरुषों की 400 मीटर टी46-टी47 स्पर्धा में भाविककुमार दीन भरवाड़ ने 49.89 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता जबकि साथी भारतीय जसबीर 50.09 सेकंड के साथ रजत पदक जीतने में उनके ठीक पीछे रहे। सर्बिया के इवान क्वेतकोविक ने 50.93 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने पुरुषों की 400 मीटर टी53-टी54 स्पर्धा की व्हीलचेयर वर्ग




में अपना दबदबा बनाए रखा जिसमें मनोजकुमार सबपति ने 54.33 सेकंड में स्वर्ण, अनिल कुमार ने 57.57 सेकंड में रजत और मणिकंदन जोथी ने 1:01.94 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में भी भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 400 मीटर टी11-टी12 स्पर्धा में तेजलबेन अमराजी डामोर ने 57.53 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता। ललिता किलाका ने 1:07.92 के समय के साथ रजत और शालिनी चौधरी ने 1:16.79 के समय के साथ कांस्य के साथ कांस्य पदक जीता। इससे भारत ने एक और पोडियम स्वीप पूरा किया। लक्ष्मी ने महिलाओं की चक्का फेंक एफ36-एफ37-एफ40 स्पर्धा में 7.76 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता जबकि अकुताई सीताराम उलभगत ने 5.49 मीटर के साथ रजत और भूटान की चिमी डेमा ने 5.27 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

# वर्ल्ड कप का न्योता या चेतावनी

## ट्रंप ने ईरान की फुटबॉल टीम को लेकर कही बड़ी बात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** मध्य पूर्व में जारी तनाव का असर अब खेल जगत पर भी दिखाई देने लगा है और इसी बीच ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की विश्व कप में भागीदारी को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। मौजूद जानकारी के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का अमेरिका में आयोजित होने वाले विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए उन्हें अपनी सुरक्षा के बारे में भी सोचने की जरूरत है।

उन्होंने सामाजिक माध्यम पर एक संदेश में कहा कि ईरान की टीम विश्व कप में भाग लेने के लिए आ सकती है, लेकिन उनके अनुसार वर्तमान परिस्थितियों में उनका वहां होना उचित नहीं माना जा सकता, क्योंकि इससे खिलाड़ियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। गौरतलब है कि यह बयान



ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी से ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है। इन हमलों के पहले ही दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आई थी।

मौजूद जानकारी के अनुसार इसके बाद ईरान की सत्ता उनके पुत्र मोजतबा खामेनेई के हाथों में चली गई है और देश में राजनीतिक और सैन्य हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। बता दें कि इसी पृष्ठभूमि में ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने भी हाल ही में बयान दिया है कि मौजूदा हालात में ईरान की टीम के लिए विश्व कप में भाग लेना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार ने उनके नेता की हत्या की है, उसके बाद ऐसे हालात में प्रतियोगिता में हिस्सा लेना मुश्किल है।

गौरतलब है कि विश्व कप के दौरान ईरान की टीम के कुछ मुकाबले अमेरिका के शहरों में खेले जाने प्रस्तावित थे। मौजूद जानकारी के अनुसार टीम को जून महीने में लॉस एंजेलिस में न्यूजीलैंड और बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलना था, जबकि समूह चरण का एक और मुकाबला सिएटल में मिस्र के खिलाफ निर्धारित बताया गया है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने भी हाल ही में कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि ईरान की टीम का प्रतियोगिता में स्वागत किया जाएगा। हालांकि मौजूदा सैन्य और राजनीतिक हालात को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में ईरान की विश्व कप में भागीदारी को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकती है।

## जोश हेजलवुड के खेलने पर अभी संस्पेंस, मेडिकल टीम की अनुमति का इंतजार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन गेंदबाज जोश हेजलवुड अभी भी अपने हैमस्ट्रिंग और अकिलीज टेंडन की चोट के कारण फिजियो की देखरेख में हैं। पहले उम्मीद की जा रही थी कि वह आईपीएल 2026 के लिए फिट हो जाएंगे। हालांकि, अभी रिपोर्ट के अनुसार हेजलवुड अभी भी मेडिकल टीम से अनुमति का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद ही आरसीबी का ये खिलाड़ी आईपीएल के 19वें सीजन के लिए उपलब्ध हो पाएगा।

मामले से जुड़े सूत्र ने हिन्दुस्तान टाइम्स के हवाले से कहा कि, वह अभी भी फिजियो की देखरेख में हैं और आईपीएल में उनकी भागदारी इस बात पर निर्भर करेगी कि उन्हें मेडिकल क्लियरेंस मिलती है या नहीं। अभी काफी समय है, लेकिन फिलहाल ये वेट एंड वॉच की स्थिति है। हेजलवुड का आईपीएल रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। उन्होंने 39 मैचों में 57 विकेट लिए




हैं, जिसमें उनका औसत 20.98 और इकॉनमी रेट 8.27 रहा है।

पिछले आईपीएल सीजन में हेजलवुड आरसीबी के स्टार गेंदबाज रहे थे। उन्होंने 12 मैचों में 22 विकेट लिए थे। उनकी बेहतरीन गेंदबाजी ने रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी को पहला आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, नवंबर में न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलते समय लगी चोट के कारण वह एशेज सीरीज के पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। इसके बाद उन्हें पूरी एशेज सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर होना पड़ा था।

## संक्षिप्त खबरें

### इराक में यूएस एयर फोर्स का केसी-135 विमान क्रैश, चार अमेरिकी सैनिकों की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिकी वायु सेना के बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान के पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत हो गई है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने शुक्रवार दोपहर को पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। शेष दो चालक दल के सदस्यों को बचाने के प्रयास जारी हैं। ईरान के साथ संघर्ष से संबंधित अमेरिकी और इजरायली अभियानों का समन्वय करने वाली सैन्य कमान, CENTCOM ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की अभी भी जांच चल रही है। हालांकि, उसने शत्रुतापूर्ण गोलीबारी और मित्रवत गोलीबारी, दोनों को ही संभावित कारणों से खारिज कर दिया है। CENTCOM ने आगे कहा कि मारे गए चारों कर्मियों की पहचान 24 घंटे तक गुप्त रखी जाएगी, जब तक उनके परिवारों को सूचित नहीं कर दिया जाता। मध्य पूर्व में सैन्य अभियानों की देखरेख करने वाली अमेरिकी केंद्रीय कमान ने कहा कि यह दुर्घटना "मित्रवत हवाई क्षेत्र" में दो विमानों से जुड़ी एक अज्ञात घटना के बाद हुई। दूसरा विमान सुरक्षित उतर गया। बोइंग KC-135 स्ट्रैटोटैंकर एक लंबे समय से सेवा में रहा टैंकर विमान है जिसका उपयोग अमेरिकी वायु सेना द्वारा अन्य विमानों को हवा में ईंधन भरने के लिए किया जाता है। इससे विमान लंबी दूरी तय कर सकते हैं और बिना उतरे लंबे समय तक परिचालन में रह सकते हैं। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस विमान का उपयोग चिकित्सा निकासी के दौरान घायल कर्मियों को ले जाने या निगरानी मिशन चलाने के लिए भी किया जा सकता है।

### इजराइल का बड़ा एक्शन: ईरान के 200 ठिकानों पर हमला, तेहरान समेत कई शहर बने निशाना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के मुताबिक, इजरायली वायु सेना द्वारा ईरानी शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए हमलों की एक नई लहर के बाद पूर्वी तेहरान के रिहायशी इलाके में एक जोरदार धमाका हुआ। प्रेस टीवी पर एक पोस्ट में घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में कई घायल लोगों को अस्पताल ले जाते हुए दिखाया गया है। यह घटना इजरायली वायु सेना द्वारा शुक्रवार को ईरानी शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए हमलों की लहरों को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा के बाद घटी है। तेहरान, शिराज और अहवाज में एक साथ: वायु सेना ने ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए कई हमलों को अंजाम दिया। सैन्य खुफिया विभाग के निर्देश पर, वायु सेना ने पिछले एक दिन में तेहरान, शिराज और अहवाज में ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए कई हमलों को अंजाम दिया। दक्षिणी ईरान के शिराज में, ईरानी आतंकी शासन द्वारा इजराइल पर दागे जाने वाले बैलिस्टिक मिसाइलों के उत्पादन और भंडारण के लिए इस्तेमाल किए जा रहे एक भूमिगत ठिकाने पर हमला किया गया। तेहरान में: ईरानी आतंकी शासन के हवाई रक्षा तंत्र के ठिकानों और एक केंद्रीय अड्डे पर हमला किया गया। इसके अलावा, विभिन्न युद्धक साधनों, हवाई रक्षा प्रणालियों और बैलिस्टिक मिसाइलों के घटकों के उत्पादन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई ठिकानों पर भी हमला किया गया। साथ ही, पश्चिमी ईरान के अहवाज में शासन के विभिन्न निकायों के मुख्यालयों पर हमला किया गया। हमला किए गए मुख्यालयों में ईरानी आतंकी शासन के सैनिकों की गतिविधि देखी गई, और दर्जनों सैनिक वहां से इजराइल और क्षेत्र के देशों के खिलाफ आतंकी हमले करने के लिए आगे बढ़ रहे थे।

### फारूक अब्दुल्ला हमले पर बीजेडी का बड़ा बयान, सस्मित पात्रा बोले- यह एक गंभीर सुरक्षा चूक है

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले की व्यापक निंदा हुई है। बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा ने शुक्रवार को इस हमले को "बेहद निंदनीय" बताया और सुरक्षा में हुई गंभीर चूक को उजागर किया, जिसके कारण ऐसी घटना घटी। एएनआई से बात करते हुए पात्रा ने स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से खुफिया जानकारी और सुरक्षा तैयारियों की कमी को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि इतने उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में कोई उचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने सुरक्षा उपायों में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, हमें और भी कड़े सुरक्षा उपाय करने होंगे। जिम्मेदारी तय करते हुए पात्रा ने कहा कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए कि ऐसी चूक दोबारा न हो। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले के बाद केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और सवाल किया कि अगर इतने प्रभावशाली नेता को निशाना बनाया जा सकता है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा पर इसका क्या असर पड़ेगा। एएनआई से बात करते हुए चौधरी ने कहा कि असंबंधित मुद्दों पर राजनीतिक बहस में उलझने के बजाय, हमले के कारणों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। चौधरी ने एएनआई से कहा आज लोग जो कुछ भी कह रहे हैं, हम उनसे पूछना चाहेंगे कि इधर-उधर की बातें करने के बजाय, उन्हें यह बताना चाहिए कि यह हमला क्यों हुआ।

### बैंक फ्रॉड करने वालों पर ईडी का 'हंटर', हैदराबाद में 35 करोड़ की जमीन और फ्लैट कुर्क

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीएनआर इंफ्रा एंड लीजिंग, एलीट इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 35.05 करोड़ रुपये मूल्य की दो अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। ईडी के हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने बीरेड्डी नरसिम्हा रेड्डी और अनिल बेनीप्रसाद अग्रवाल की संपत्तियों को जब्त किया है, जिनमें एक जमीन का टुकड़ा और एक आवासीय फ्लैट शामिल हैं। ईडी ने सीबीआई, ईओडब्ल्यू, चेन्नई और सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई दो एफआईआर के आधार पर पीएमएलए, 2002 के तहत जांच शुरू की थी। ये एफआईआर बीएनआर इंफ्रा एंड लीजिंग और एलीट इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र से क्रमशः जाली दस्तावेज जमा करके, गिरवी रखी गई संपत्तियों के स्वामित्व और स्थिति के बारे में गलत जानकारी देकर और विवादित भूमि स्वामित्व से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर धोखाधड़ी से ऋण प्राप्त करने से संबंधित हैं। इस धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप एसबीआई को लगभग 8.20 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ महाराष्ट्र को 26.86 करोड़ रुपये का अनुचित नुकसान हुआ।

### असम चुनाव के लिए राहुल गांधी ने मोर्चा संभाला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ गुरुवार को आगामी असम विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की अध्यक्षता की। एक अलग घटनाक्रम में, सोमवार को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले असम में कांग्रेस को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला, जब असम गण परिषद (एजीपी) के पूर्व राष्ट्रीय वित्त सचिव जयंत खाउंद कुछ अन्य नेताओं के साथ पार्टी में शामिल हो गए।

# ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन को पीएम मोदी ने सीधे लगाया फोन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात के बीच भारत की कूटनीति एक बार फिर मजबूती के साथ सामने आयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से सीधे बातचीत कर यह स्पष्ट कर दिया कि भारत इस संकट को केवल दूर से देखने वाला देश नहीं है, बल्कि अपने नागरिकों, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता के हित में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह संवाद ऐसे समय हुआ है जब क्षेत्र में संघर्ष लगातार फैल रहा है और समुद्री मार्गों से होने वाली तेल आपूर्ति पर खतरा मंडरा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत के दौरान क्षेत्र में बढ़ती हिंसा, नागरिकों की मौत और नागरिक ढांचे को हो रहे नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत के लिए सबसे पहली प्राथमिकता भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा तथा वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति है। यह बयान उस रणनीतिक सोच का हिस्सा है जो आज भारत की विदेश नीति को दिशा दे रही है। देखा जाये तो पश्चिम एशिया संकट का सबसे संवेदनशील पहलू होर्मुज जलडमरूमध्य है। यह वही समुद्री मार्ग है जिससे दुनिया का एक बहुत बड़ा हिस्सा तेल प्राप्त करता है और भारत की ऊर्जा जरूरतों का भी बड़ा भाग इसी रास्ते से आता है। यह मार्ग बाधित होने से उसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था, उद्योग और आम जनता पर पड़ रहा है। यही कारण है कि नई दिल्ली इस संकट को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के सवाल के रूप में देख रही है।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर,

**वार्ता के दौरान जो कुछ कहा वो सबको सुनना चाहिए**



कुवैत, ओमान, बहरीन और जॉर्डन जैसे देशों के शीर्ष नेताओं से भी लगातार संवाद किया है। यह सक्रिय कूटनीति बताती है कि भारत क्षेत्र में संतुलन बनाये रखने की कोशिश कर रहा है। भारत ने एक तरफ खाड़ी देशों पर हमलों की निंदा की, तो दूसरी तरफ किसी भी पक्ष के साथ खुला टकराव करने से भी बचा। यही संतुलन भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। इस पूरी रणनीति के संचालन में विदेश मंत्री एस जयशंकर की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने संकट शुरू होने के बाद ईरान के विदेश मंत्री से कई बार बातचीत की और समुद्री सुरक्षा, तेल आपूर्ति तथा भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दों को मजबूती से उठाया। जयशंकर की कूटनीति का उद्देश्य है भारत को किसी खेमे की राजनीति में फंसने से बचाना और हर स्थिति में भारतीय हितों को सर्वोच्च रखना। वहीं आज खाड़ी क्षेत्र में भारतीय नाविकों और जहाजों की स्थिति भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले कई जहाज चल रहे हैं जिन पर सैकड़ों भारतीय नाविक काम कर रहे हैं। हाल की घटनाओं में कुछ भारतीय नाविकों की मौत और घायल होने की खबरों ने खतरे की गंभीरता को और उजागर कर दिया है। ऐसे समय में भारत सरकार लगातार निगरानी कर रही है और हर जहाज तथा हर नाविक की सुरक्षा पर नजर रखी जा रही है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में खाड़ी देशों पर हमलों की निंदा वाले प्रस्ताव का समर्थन कर भारत ने यह संकेत दिया कि वह क्षेत्रीय स्थिरता के पक्ष में खड़ा है। साथ ही भारत ने संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान निकालने की अपील भी दोहरायी है। दूसरी ओर, विपक्ष भले ही सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठा रहा हो, लेकिन जमीन पर दिखाई देने वाली हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। मोदी सरकार ने एक तरफ अमेरिका और इजराइल जैसे देशों के साथ अपने संबंध मजबूत रखे हैं, तो दूसरी तरफ ईरान और खाड़ी देशों के साथ संवाद के दरवाजे भी खुले रखे हैं। यही बहुस्तरीय कूटनीति आज भारत को वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।

# शुक्रवार आया...कश्मीर की सड़कों पर प्रदर्शन लौट आया!

## ईरान पर हमले का गुस्सा कश्मीर की सड़कों पर क्यों दिख रहा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कश्मीर घाटी में एक बार फिर वही पुराना दृश्य सामने आया है जो कभी यहां की सड़कों की पहचान बन गया था। रमजान के आखिरी जुमे के दिन श्रीनगर, मगाम और बड़गाम जैसे इलाकों में लोग सड़कों पर उतर आए और ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के विरोध में नारे लगाने लगे। प्रशासन को पहले से आशंका थी कि नमाज के बाद भीड़ जमा हो सकती है, इसलिए सुबह से ही कई जगहों पर पाबंदियां लगा दी गई थीं। श्रीनगर के कई हिस्सों में लोगों के जमा होने पर रोक लगाई गई और हालात पर नजर रखी गई। बताया जा रहा है कि यह विरोध प्रदर्शन खास तौर पर उन इलाकों में देखने को मिला जहां शिया आबादी अधिक है। प्रदर्शनकारियों ने ईरान के समर्थन और फिलिस्तीन के साथ एकजुटता के नारे लगाए। प्रशासन का कहना है कि अब तक प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही श्रीनगर के नौहट्टा इलाके में स्थित ऐतिहासिक जामिया मसजिद को भी एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। ईरान में जो



कुछ हुआ, उससे कश्मीर की सड़कों का क्या लेना देना है? अगर पश्चिम एशिया में कोई टकराव होता है तो उसका जवाब श्रीनगर और बड़गाम की गलियों में क्यों खोजा जाता है? क्या घाटी की शांति इतनी कमजोर है कि हजारों किलोमीटर दूर हुए घटनाक्रम का गुस्सा यहां की सड़कों पर उतर आता है? कश्मीर ने पिछले कई सालों में मुश्किल दौर से निकल कर धीरे धीरे सामान्य जीवन की तरफ कदम बढ़ाए हैं। बाजार खुल रहे हैं, पर्यटन लौट रहा है और लोग हिंसा की छाया से बाहर आने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे समय में अगर हर अंतरराष्ट्रीय घटना के नाम पर भीड़ सड़कों पर उतरने लगे तो घाटी में बनी यह शांति कब तक टिकेगी। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जैसे ही ईरान पर हमला हुआ, वैसे ही शुक्रवार की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन का वही पुराना पैटर्न फिर से दिखाई देने लगा। आखिर यह संयोग है या किसी संगठित सोच का हिस्सा? क्या यह महज भावनात्मक प्रतिक्रिया है या इसके पीछे वह मानसिकता है जो घाटी को बार बार सड़कों के टकराव की ओर धकेलती रही है? यह सवाल इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। यहां की जनता को अपने देश की शांति और व्यवस्था की चिंता पहले करनी चाहिए। अगर हर अंतरराष्ट्रीय विवाद को लेकर यहां हंगामा खड़ा किया जाएगा तो इसका असर सीधे देश के भीतर के माहौल पर पड़ेगा। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष का समाधान श्रीनगर की सड़कों पर नारे लगाने से नहीं निकलेगा। कश्मीर के लोगों को यह भी सोचना होगा कि दुनिया के हर संघर्ष को अपनी पहचान का हिस्सा बना लेने से क्या हासिल होगा? घाटी के युवाओं को रोजगार, शिक्षा और बेहतर भविष्य की जरूरत है, न कि हर शुक्रवार को गुस्से और नारों की राजनीति की। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पाबंदियां लगाकर फिलहाल स्थिति को संभाल लिया है। लेकिन असली सवाल अभी भी खड़ा है।

क्या कश्मीर बार बार उसी पुराने रास्ते पर लौटेगा जहां भीड़, नारे और टकराव ही राजनीति का माध्यम बन जाते थे। अगर ईरान में कुछ हुआ है तो उस पर चर्चा विश्व मंचों पर होगी, कूटनीति के जरिये होगी और सरकारों के बीच होगी। लेकिन कश्मीर की शांति को दांव पर लगाकर आखिर कौन-सा संदेश दिया जा रहा है। घाटी को यह तय करना होगा कि उसे विकास और स्थिरता का रास्ता चुनना है या फिर दूर बैठे संघर्षों के नाम पर अपनी ही सड़कों को अशांत बनाना है।

## तेलंगाना में बड़ा 'ठेका स्कैम', सीएम रेवंत रेड्डी पर केटीआर का हमला, अमित शाह को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव (केटीआर) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर तेलंगाना में बिगड़ती कानून व्यवस्था और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से जुड़ी बेनामी कंपनी केएलएसआर इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को सरकारी ठेकों के कथित अनियमित आवंटन पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, गुरुवार को लिखे अपने पत्र में केटीआर ने आरोप लगाया कि केएलएसआर इंफ्राटेक से संबंधित मामलों की जांच के दौरान राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर सबूतों से छेड़छाड़ की। उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया



कि सरकारी अधिकारियों ने उच्च न्यायालय को सूचित किया कि मामले में जुटाए गए महत्वपूर्ण सबूत गायब हो गए हैं। केटीआर ने कहा कि यह घटना राज्य में कानून व्यवस्था की भयावह गिरावट और जांच एजेंसियों पर डाले जा रहे दबाव को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने अधिकार का दुरुपयोग किया और अपनी बेनामी कंपनी को बचाने के लिए अधिकारियों पर सबूत नष्ट करने का दबाव डाला। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि पुलिस और जांच एजेंसियों पर जनता का भरोसा बुरी तरह से कम हो गया है। केटीआर ने कहा कि कंपनी के दिवालियापन की कार्यवाही चल रही होने के बावजूद, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केएलएसआर इंफ्राटेक को बड़े सरकारी ठेके दिए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, दिवालियापन की कार्यवाही चल रही होने के बावजूद कंपनी को 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके आवंटित किए गए हैं। इनमें सिंचाई परियोजनाएं, पेयजल आपूर्ति परियोजनाएं, यंग इंडिया इंटीग्रेटेड स्कूल परियोजनाएं और प्रमुख सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, केटीआर ने कहा कि ऐसे फैसले सरकारी खरीद मानदंडों के अनुपालन, वित्तीय पात्रता और निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाते हैं।

## ईरान ने किया एयरक्राफ्ट करियर 'अब्राहम लिंकन' पर मिसाइल अटैक का दावा; यूएस बोला- खतरा किया नाकाम



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ईरान की इस्लामिक क्रांति रक्षक कोर (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि उसकी बैलिस्टिक मिसाइलों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है, जिससे वह निष्क्रिय हो गया है और उसे खाड़ी क्षेत्र से पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। हालांकि, वाशिंगटन ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा है कि अमेरिकी विमानवाहक पोत "ऑपरेशन एपिक फ्यूरी" में अपना समर्थन जारी रखे हुए है। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि एक ईरानी पोत विमानवाहक पोत के बहुत करीब आ गया था, जिसके बाद अमेरिकी सेना ने उस पर गोलीबारी की। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि पोत को निशाना बनाया गया था या नहीं।

ईरान के पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के केंद्रीय मुख्यालय ने एक बयान में कहा कि उन्नत मिसाइलों और ड्रोनों से लैस एक सटीक ऑपरेशन में ओमान सागर में ईरान की समुद्री सीमा से लगभग 340 किलोमीटर दूर यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत को निशाना बनाया गया। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि हमले के बाद अमेरिकी पोत और उसके साथ आए हमलावर दल को तेजी से इलाके से भागते हुए देखा गया। सरकारी टेलीविजन ने इस दावे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ईरान की सेना की वैचारिक शाखा, गार्ड्स ने पहले भी लिंकन पर हमला करने का आरोप लगाया था, लेकिन पेंटागन ने उस समय कहा था कि लॉन्च की गई मिसाइलें इसके पास तक भी नहीं पहुंचीं। ईरानी रिपोर्टों के सामने आने के तुरंत बाद, अमेरिका ने उन्हें खारिज कर दिया। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने अमेरिकी युद्धपोत की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, "अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का समर्थन करना और समुद्र से शक्ति प्रदर्शन करना जारी रखेगा।

# कुवैत में ईरानी हमले का बड़ा खुलासा

## 150 अमेरिकी सैनिक घायल, पेंटागन पर उठे गंभीर सवाल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ईरान की राजधानी तेहरान पर नए हमलों की शुरूआत इजरायल की सेना ने कर दी है। लेबनान की राजधानी बेरूत पर नए हमलों के बीच इजरायल ने जबरन निकासी के आदेश जारी किए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अपने पिता अली खामेनेई की हत्या के बाद पदभार संभालने के बाद पहला बयान जारी कर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं के ठिकानों को बंद करने की मांग की है, अन्यथा हमले जारी रहेंगे।

कतर ने इजरायली मीडिया के कुछ हिस्सों में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया है कि उसने अमेरिका में ऊर्जा की कीमतों को प्रभावित करने के लिए एलएनजी उत्पादन रोक दिया है। कतर ने इन आरोपों को कतर और अमेरिका के बीच फूट डालने की कोशिश बताया है। एक बयान में कतर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अल जजीरा को बताया कि "कतर हमेशा



राजनीतिक या आर्थिक लाभ से ऊपर लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। अधिकारी ने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि [इजरायली] प्रधानमंत्री नेतन्याहू के अनौपचारिक मुखपत्र वैश्विक अस्थिरता के इस दौर का फायदा उठाकर पूरे क्षेत्र में और तनाव और विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ईरान के ड्रोन हमले के बाद कतर एनर्जी ने पिछले हफ्ते तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का उत्पादन रोक दिया था, जिससे वैश्विक एलएनजी बाजार पर दबाव बढ़ गया था। कतर दुनिया की 20 प्रतिशत एलएनजी की आपूर्ति करता है।

इजरायल की सेना का कहना है कि उसने दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी पर बने जरारियेह पुल पर हमला किया है। उसने दावा किया कि हिज्बुल्लाह के सदस्य इस पुल का इस्तेमाल "मुख्य परिवहन मार्ग" के रूप में कर रहे थे और हाल ही में उन्होंने इसके पास मिसाइल लॉन्चर तैनात किए थे।

पिछले 24 घंटों में यह बात सामने आई है कि कुवैत में अमेरिकी सेना के एक अड्डे पर हुए ईरानी हमले में सिर्फ नेशनल गार्ड के सात जवान ही घायल नहीं हुए थे और न ही कुछ अन्य लोग अपनी चोटों के कारण मारे गए। ऐसा लगता है कि अड्डे पर तैनात अमेरिकी सेना के 100 से अधिक, शायद 150 तक अन्य जवान भी घायल हुए थे, जिन्हें तीन सैन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो अमेरिका में और एक जर्मनी के लैंडस्टुहल में स्थित है। बताया जा रहा है कि जर्मनी भेजे गए कुछ लोगों को बहुत गंभीर चोटें आई हैं और खबरों के मुताबिक एक व्यक्ति का अंग काटना पड़ सकता है। यह सवाल उठता है कि कुवैत में हुई इस घटना में इतने अधिक लोग घायल हुए थे, और अब तक, लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी, अमेरिकी सेना ने इसकी जानकारी क्यों नहीं दी।

# धड़धड़ाते हुए पाकिस्तान में घुस गए अफगान ड्रोन

## एयरस्ट्राइक कर शहबाज-मुनीर ने की भूल, तालिबान ने चंद घंटों में सिखाया सबक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव अब तेजी से गंभीर सैन्य टकराव की दिशा में बढ़ता नजर आ रहा है। पाकिस्तान की ओर से देर रात अफगानिस्तान के अंदर किए गए हवाई हमलों के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। इसके जवाब में तालिबान और अफगान रक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर पलटवार शुरू कर दिया है। ताजा रिपोर्टों के मुताबिक अफगान पक्ष ने ड्रोन के जरिए पाकिस्तान के कई शहरों और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया है।

अफगान रक्षा मंत्रालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के जवाब में तालिबानी ड्रोन सीमा पार कर पाकिस्तान के अहम ठिकानों पर सटीक हमले कर रहे हैं। फिलहाल पाकिस्तान के अलग-अलग शहरों से धमाकों की खबरें सामने आ रही हैं,



जिसके चलते वहां प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है और दोनों देशों के बीच संघर्ष के और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अफगान अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पाकिस्तान ने काबुल और सीमावर्ती प्रांतों पर नए हमले किए हैं, जिनमें राजधानी में चार लोग मारे गए हैं। एक पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पुष्टि की कि पाकिस्तान ने रात भर में हमले किए और बताया कि उनकी सेनाओं ने पाकिस्तानी तालिबान आतंकवादी समूह, जिसे टीटीपी के नाम से जाना जाता है, को निशाना बनाया। इस्लामाबाद ने पिछले महीने अपने पड़ोसी देश पर हवाई हमलों की एक श्रृंखला शुरू की थी, जिसे वह पाकिस्तान में बढ़ते हमलों के बाद आतंकवाद को निशाना बनाने का अभियान बता रहा है। लेकिन तालिबान सरकार ने किसी भी तरह की संलिप्तता या आतंकवाद के लिए अफगान क्षेत्र के इस्तेमाल से इनकार किया है। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खलील जादरान ने बताया कि राजधानी में घरों पर हुए बमबारी में चार लोग मारे गए और 15 घायल हुए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर पोस्ट किया कि पाकिस्तानी हमलों में दक्षिणी प्रांत कंधार के साथ-साथ पूर्वी पक्तिया और पक्तिका भी शामिल हैं, जो पाकिस्तान की सीमा से लगते हैं।

## अडानी ग्रुप के बॉन्ड की जबरदस्त डिमांड

### अमेरिकी संस्थागत निवेशक भी बढ़ा रहे हिस्सेदारी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया संकट से वैश्विक बाजारों में आई अस्थिरता के बीच निवेशकों ने अदाणी समूह के डॉलर में जारी बॉन्ड बेचने में बहुत कम दिलचस्पी दिखाई है। समूह की बंदरगाह कंपनी एपीएसईजेड की तरफ से बॉन्ड पुनर्खरीद की पेशकश के बावजूद ऐसा निवेशक रुझान देखने को मिला है। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने नकद निविदा प्रस्ताव के जरिये अमेरिकी डॉलर में जारी दो शृंखलाओं के जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड का कुछ हिस्सा वापस खरीद लिया। इससे कंपनी के बकाया ऋण में लगभग 19.95 करोड़ अमेरिकी डॉलर की कमी आई। इस पेशकश के तहत वर्ष 2027 में परिपक्व होने वाले चार प्रतिशत ब्याज दर वाले 34.51 करोड़ डॉलर तक के बॉन्ड और वर्ष 2031 में परिपक्व होने वाले 3.10 प्रतिशत ब्याज दर वाले 15 करोड़ डॉलर तक के बॉन्ड शामिल थे। इस तरह कुल मिलाकर लगभग 49.5 करोड़ डॉलर तक की संभावित पुनर्खरीद की पेशकश की गई थी। हालांकि बॉन्डधारकों ने अपेक्षा से कहीं कम मात्रा में बॉन्ड वापस बेचने की पेशकश की। आखिरकार कंपनी ने 2027 में परिपक्व होने वाले बॉन्ड में से 10.21 करोड़ डॉलर और 2031 में परिपक्व होने वाले बॉन्ड में से 9.75 करोड़ डॉलर स्वीकार किए। इस तरह 60 प्रतिशत से अधिक निवेशकों ने अपने बॉन्ड अपने पास ही रखने का फैसला किया और पुनर्खरीद प्रस्ताव के जरिये बाहर निकलने का विकल्प नहीं चुना।

स्वामी, प्रकाशक, संपादक और मुद्रक राजेश कुमार रंजन के द्वारा आमीन प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट न0.193, डॉक्टर्स कॉलोनी, रोड न0. 7, पोस्ट अगमकुंआ, छोटी पहाड़ी, पटना बिहार-800007 से मुद्रित एवं ग्राम पिपराही, पोस्ट दिनापट्टी, सुपौल बिहार-852218 से प्रकाशित-प्रसारित, फोन- 8051344056, 9471220794